

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-227 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### ट्रेलर-टेम्पो में भिड़ंत 6 श्रद्धालुओं की मौत

**जोधपुर ,16 नवंबर।** जिले में बालेसर के पास रविवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 6 लोगों की जान चली गई और 14 अन्य घायल हो गए। बालेसर थानाधिकारी मूलसिंह भाटी के अनुसार खारी बेरी गांव के निकट सुबह लगभग 5 बजे अनाज की बोरियों से भरे एक ट्रेलर और गुजरात से रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं से भरे टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के तुरंत बाद 3 महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिनके शव बालेसर अस्पताल में सुरक्षित रखे गए हैं। अन्य घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद मथुरादास माथुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां पहुंचने पर तीन और व्यक्तियों ने दम तोड़ दिया।

टेंपो में कुल 20 श्रद्धालु सवार थे, जो गुजरात के बनासकांठा और धनसुरा क्षेत्रों से रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। एमडीएम अस्पताल ले जाते समय 3 वर्षीय नव्या, 40 वर्षीय भूपत सिंह और 60 वर्षीय काशिया बाई की मौत हो गई। मौके पर दम तोड़ चुकी तीन महिलाओं की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। बालेसर से एमडीएम भेजे गए 17 घायलों में से तीन की मृत्यु के बाद 14 घायलों का मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार जारी है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

### एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले; पांच गंभीर रूप से झुलसे

**मोतीपुर ,16 नवंबर।** मोतीपुर बाजार स्थित एक मकान में संदिग्ध हालात में लगी आग में पांच लोग जिंदा जल गए। घटना मोतीपुर नगर परिषद के वार्ड-13 के नेता रोड स्थित दिवंगत गेना साह के मकान की है। गेना साह डीलर थे और करीब पांच वर्ष पहले उनका निधन हो गया था। उनके बड़े बेटे ललन साह और छोटे बेटे मुकेश उर्फ अर्जुन की उसी मकान के ग्राउंड फ्लोर पर किराना दुकान है। पहले तल्ले पर बच्चों का निजी अस्पताल चलता है, जबकि दूसरे तल्ले पर ललन साह अपने परिवार के साथ रहते थे। घटना के समय ललन अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ एक कमरे में सोए हुए थे। उनकी मां दूसरे कमरे में थीं। वहीं तीसरे कमरे में ललन के मामा-मामी और उनके बच्चे थे। ललन की बहन माला देवी भी वहीं सोई थीं। छोटा भाई मुकेश दुकान के साथ स्थित कमरे में नीचे सोया था। आग की सूचना मिलते ही वह बचाने के प्रयास में झुलस गया।

सुबह लगभग चार बजे आसपास के लोगों को चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब वे पहुंचे तो मकान के ऊपरी हिस्से में आग तेजी से फैल चुकी थी और कई लोग अंदर फंसे हुए थे। तुरंत मोतीपुर पुलिस और अग्निशमन दल को सूचना दी गई। हालांकि पहले तल्ले पर स्थित अस्पताल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटना के समय वहां केवल एक अटेंडेंट मौजूद था।

## स्नाइपर स्पेशलिस्ट माड़वी देवा और दो महिला नक्सली ढेर

**सुकमा, 16 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के तुमालपाड़ जंगल में नक्सलियों और जवानों के बीच रविवार सुबह मुठभेड़ हुई. जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की है. इनमें 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर माड़वी देवा शामिल है. साथ ही मुठभेड़ में पोड़ियम गंगी (सीएनएम कमांडर) और सोड़ी गंगी (एरिया कमेटी सदस्य) मारे गए हैं. मौके से कई हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया है. जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी के जवानों ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था. रविवार सुबह जवानों के इलाके में पहुंचते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियों का जवाब दिया. दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग जारी रही. मुठभेड़ में जनमिलिशिया कमांडर माड़वी देवा, सीएनएम कमांडर पोड़ियम गंगी और एरिया कमेटी सदस्य सोड़ी गंगी ढेर हुए हैं.



**मौके से कई हथियार और विस्फोटक बरामद**-इस दौरान मौके से 303 राइफल, BGL लॉन्चर्स, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है. जवानों का क्षेत्र में संघन सर्च अभियान जारी है.

## यूपी की 3 पिकअप से 210 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर, 16 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर धान खरीदी के समय बिचौलिए सक्रिय हो चुके हैं. पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से वाहनों में बड़ी मात्रा में धान का अवैध परिवहन किया जा रहा है. धान बिचौलियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में वाड्रफनगर के चर्चरी गांव में तीन पिकअप वाहन से 210 धान बोरी पकड़ाया है. देर रात करीब 1:30 बजे खाद्य, मंडी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रेड मारकर यह कार्रवाई की है. मामले में सख्त एक्शन लेते हुए तीनों चालक और वाहन मालिक पर एफआईआर दर्ज की गई है. जानकारी के मुताबिक, गोपनीय सूचना के आधार पर वाड्रफनगर एसडीएम के निर्देश पर ग्राम चरचरी में अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई की गई. रात लगभग 1:30 बजे. चरचरी में अवैध धान परिवहन करते तीन (03) पिकअप वाहनों को पकड़ा गया, जिसमें भारी मात्रा में धान लदा हुआ था. तीनों वाहनों में 70-70 बोरी लदे हुए थे. पूछताछ में वाहन चालक ने बताया गया कि उक्त धान उत्तर प्रदेश राज्य से अवैध रूप से छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में स्थित धान खरीदी केन्द्र में अधिक मूल्य पर विक्रय के उद्देश्य से लाया जा रहा था.



**रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले वाहन चालक** -पूछताछ के दौरान तीनों पिकअप के वाहन चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए. तीनों वाहन को थाना रघुनाथनगर में लाया गया और सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए टीआई को सुपुर्द किया गया. फिलाहास वाहन मालिक और चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है.

## सीमापार से जुड़े दिल्ली कार विस्फोट के तार?

**नई दिल्ली, 16 नवंबर।** दिल्ली में लाल किले के बाहर कार विस्फोट मामले में खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। खुफिया एजेंसियों ने तीन डॉक्टरों, उमर, मुजम्मिल और शाहीन से जुड़े 20 लाख रुपये के मनी ट्रेल का खुलासा किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह रकम जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडलर द्वारा हवाला नेटवर्क के जरिये भेजी गई होने का शक है। ऐसा माना जा रहा है कि इस रकम में से करीब 3 लाख रुपये 26 क्विंटल एनपीके उर्वरक खरीदने पर खर्च किए गए, जो खेतीबाड़ी में इस्तेमाल होने वाला नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम बेस्ड केमिकल मिश्रण है, जिससे विस्फोट में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक भी बनाए जा सकते हैं। अधिकारियों ने आगे बताया कि पैसों को लेकर डॉ. उमर और डॉ. शाहीन के बीच कथित तौर पर मनमुटाव हो गया था। सूत्रों ने बताया कि मुजम्मिल से एक महत्वपूर्ण सुराग मिला है, जिससे जांचकर्ताओं को साजिश के पीछे के फाइनेंशियल लिंक को समझने में मदद मिली। इस बीच, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने धमाके वाली जगह से 9 एमएम कैलिबर के



3 कारतूस बरामद होने की रविवार को पुष्टि की है। इनमें से दो जिंदा और एक खाली कारतूस था। 9 एमएम कैलिबर पिस्टल का इस्तेमाल सुरक्षा बलों द्वारा किया जाता है और आम नागरिकों द्वारा इसके इस्तेमाल पर रोक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कारतूस बरामद होने के बावजूद घटनास्थल पर कोई पिस्टल या उसका कोई पुर्जा नहीं मिला। पुलिस ने कहा, "ये कारतूस आमतौर पर सिर्फ सशस्त्र बलों या विशेष अनुमति प्राप्त लोगों के पास ही होते हैं।"सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल पर कोई पिस्तौल या उसका कोई पुर्जा नहीं मिला, मतलब कारतूस तो मिले, लेकिन उन्हें चलाने वाला हथियार अभी तक नहीं मिला है। अधिकारी ने कहा कि वे अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये कारतूस वहां कैसे पहुंचे, क्या संदिग्ध के पास ये थे। गौरतलब है कि, 10 नवंबर को राजधानी में लाल किला परिसर के पास एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दिल्ली पुलिस ने विस्फोट की जांच में आपराधिक साजिश की धाराओं के तहत एक नई एफआईआर दर्ज की है।

## रावत नाचा सांस्कृतिक एकता का प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 16 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में 48वें रावत नाचा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नाचा महोत्सव में शामिल होने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय लाल बहादुर शास्त्री शाला प्रांगण पहुंचे। आगमन पर महोत्सव के संरक्षक श्री कालीचरण यादव एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पहार पहनाकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, चंद्रपुर विधायक श्री रामकुमार यादव, कोटा विधायक श्री अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक श्री दिलीप लहरिया तथा महापौर सुश्री पूजा विधानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पारंपरिक रावत नाचा वेशभूषा में मंच पर पहुंचे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि "यदुवंशी समाज वह समाज है, जहां प्रभु श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। छत्तीसगढ़ की नृत्य–गायन परंपरा हमारी सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का सजीव प्रतीक है।" मुख्यमंत्री ने 'तेल फूल में लइका बाढ़ेङ्ग' दोहा गाकर यदुवंशी समाज एवं नर्तन दलों को आशीर्वचन भी दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने रावत नाचा को यदुवंशी समाज के शौर्य, संस्कृति और कला का अप्रतिम प्रदर्शन बताया तथा मंच से दोहे गाकर सभी को शुभकामनाएँ दीं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि "48 वर्षों से इस गौरवशाली परंपरा को बनाए रखना समाज की एकजुटता, अनुशासन और सांस्कृतिक गर्व का प्रमाण है।" उन्होंने समस्त समाज एवं नर्तक दलों को शुभकामनाएँ दीं। बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "रावत नाचा बिलासपुर की 48 वर्षों की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर है, जिसका संरक्षण समिति द्वारा निरंतर किया जा रहा है। समाज के मंगल और सद्भाव के लिए यदि कोई समाज सतत प्रयासरत है, तो वह यादव समाज है।" उन्होंने सभी को महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र



यादव ने कहा कि "बिलासा की पावन धरा पर रावत नाचा महोत्सव का आयोजन होना सौभाग्य की बात है। यदुवंशी समाज के लोग घर–घर जाकर सर्व समाज की मंगलकामना करते हैं।" उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने हेतु मुख्यमंत्री का आभार जताया। महोत्सव के संरक्षक डॉ. कालीचरण यादव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए रावत नाचा की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछले 47 वर्षों से रावत नाचा महोत्सव यदुवंशी समाज की संस्कृति, सम्मान और सांस्कृतिक पहचान का मजबूत प्रतीक बना हुआ है।

## साउथ अफ्रीका ने भारत को 30 रनों से चटाई धूल

**कोलकाता, 16 नवंबर।** टेंबा बवुमा की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीका की टीम ने कोलकाता टेस्ट में बड़ा उलटफेर करते हुए टीम इंडिया को 30 रनों से धूल चटाई। साउथ अफ्रीका ने भारत के सामने जीत के लिए 124 रनों का टारगेट रखा था, मगर इस स्कोर के सामने पूरी भारतीय टीम 93 रनों पर ही ढेर हो गई। कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने की वजह से दूसरी पारी में भी बैटिंग करने नहीं आए। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों पर 31 रनों की पारी जरूर खेली, मगर दूसरे छोर से उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। साउथ





अफ्रीका के लिए जीत के हीरो साइमन हार्मर रहे, जिन्होंने दोनों पारियों में मिलाकर 8 विकेट चटकाए। बता दें, साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे, जिसके जवाब में टीम इंडिया ने 30 रनों की बढ़त हासिल करते हुए 189 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 153 पर सिमटी थी। टेंबा बावुमा ने 55 रनों की शानदार पारी खेली थी। दो मैच की इस सीरीज में अब साउथ अफ्रीका 1-0 से आगे है। केशव महाराज ने मोहम्मद सिराज को आउट कर भारतीय पारी को 93 रनों पर समेट दिया है। साउथ अफ्रीका ने बड़ा उलटफेर करते हुए इस टेस्ट मैच को 30 रनों से अपने नाम किया।

## छत्तीसगढ़ में कंपकपाने लगी ठंड, पारा 10 डिग्री तक लुढ़का

**रायपुर, 16 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश में अब कंपकपाने वाली ठंड पड़ने लगी है. प्रदेश के कई संभागों में पारा 10 डिग्री के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है. अम्बिकापुर समेत उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में लगातार शीतलहर चल रही है. शनिवार को अम्बिकापुर में न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं माना में पारा साढ़े 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो क्षेत्रों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है. शनिवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस, माना एयरपोर्ट में 28.7 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 28 डिग्री, पेंड्रारोड में 25.6 डिग्री, अम्बिकापुर में 25.6 डिग्री, जगदलपुर में 29.4 डिग्री और दुर्ग में 30.2 डिग्री और राजनांदगांव में 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. राजधानी रायपुर में आज आकाश साफ रहने की संभावना है. इस दौरान अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है.



## बाल दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने भरी उड़ान

**गरियाबंद ■ तरुण छत्तीसगढ़**

देवभोग के स्वामी आत्मानंद स्कूल के 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट के चयनित कैडेट्स को विमान में उड़ान भरने का अवसर मिला. सरकार ने बाल दिवस पर यह अवसर प्रदान किया. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत अन्य केबिनेट मंत्रियों के मौजूदगी में कमांडिंग ऑफिसर फाइटर पायलट विंग कमांडर विवेक कुमार साहू द्वारा जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा में ग्रामीण अंचल से चयनित छात्रों को उड़ान भराया. एनसीसी आफिसर गणेश सोनी ने बताया कि चयनित 7 कैडेट्स क्रमशः रौनक देवांगन, खुशाल साहू, प्रशांत ध्रुव, गौरव कश्यप, चांदनी शर्मा, हंसिका अवस्थी, वैष्णवी ठाकुर ने माइक्रोलाइट वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान में उड़ान भरकर फ्लाइंग की बारीकियां सीखीं. टेक ऑफ, लैंडिंग के अलावा सर्किट पैटर्न स्कीम में बेसलेग, डाउनविंड, क्रॉसविंड लेग, आरपीएम की जानकारी भी लिया. ग्रामीण अंचल के छात्रों के लिए मिली इस बड़ी उपलब्धि हेतु संस्थान के प्राचार्य गिरीश बेहरा ने छात्रों को बधाई दिया है.



## लालू की बेटी रोहिणी आचार्य का छलका दर्द

**पटना, 16 नवंबर।** लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने परिवार और भाई तेजस्वी यादव के करीबियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उन्हें गालियां दी गईं और मारने की कोशिश की गई। किडनी दान करने के बावजूद उन पर "गंदी किडनी" लगाने और करोड़ों रुपये व टिकट लेने का आरोप लगाया गया, जिससे उनके त्याग पर प्रश्नचिह्न लग गया है। राजद की हार के लिए तेजस्वी के सहयोगियों को दोषी ठहराने के बाद यह पारिवारिक विवाद बिहार की राजनीति में गहरा मोड़ ले रहा है। राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने परिवार और भाई तेजस्वी यादव के कुछ करीबी सहयोगियों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

**मुझे मारा-पीटा गया और घर से दूर कर दिया**-रविवार को रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया कि उन्हें गंदी गालियां दी गईं और उन्हें मारने की कोशिश में चप्पल तक उठाई गई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें जानबूझकर परिवार से दूर कर दिया गया और उन्हें मजबूरन अपने रोते हुए माता-पिता और बहनों को छोड़कर आना पड़ा। एक भावुक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल एक बेटी, एक बहन... को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गयीं,



मारने के लिए चप्पल उठाया गया... मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया.. मुझे अनाथ बना दिया गया, आप सब मेरे रास्ते कभी ना चलें, किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा ना हो।'

**किडनी दान पर भी विवाद**-रोहिणी आचार्य, जिन्होंने अपने पिता लालू यादव को किडनी दान की थी, उन्होंने इस पर भी दर्द बयां किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें गालियों के साथ यह भी कहा गया कि उन्होंने 'गंदी किडनी' लगवाई है और इसके लिए करोड़ों रुपये और टिकट लिए हैं। उन्होंने विवाहित महिलाओं से अपील करते हुए कहा, ट'कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रूपए लिए, टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी... सभी बहन-बेटियां अपना घर-परिवार देखें, अपने माता-पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, अपना ससुराल देखें, सिर्फ अपने बारे में सोचें... मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनो बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली...।'

**राजद की हार के बाद की घोषणा**-बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की हार के अगले ही दिन, रोहिणी आचार्य ने हार के लिए तेजस्वी यादव के दो करीबी सहयोगियों संजय यादव और रमीज को जिम्मेदार ठहराया था। इसी दौरान उन्होंने राजनीति छोड़ने और परिवार से नाता तोड़ने का भी ऐलान कर दिया था।

## पाकिस्तानी, ब्रिटिश महिला डॉक्टर गिरफ्तार

**रुपईडीहा (बहराइच), 16नवंबर।** 10 नवंबर की शाम दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद से पुलिस और जांच एजेंसियां लगातार अलर्ट पर हैं। यूपी के कई शहरों में भी जांच चल रही है। ताबड़तोड़ छापे पड़ रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट में कई डॉक्टरों के कनेक्शन सामने आए हैं। फरीदाबाद से यूपी की रहने वाली डॉ.शाहीन, लखनऊ से उसके छोटे भाई डॉ.परवेज के अलावा कई डॉक्टर पकड़े गए हैं। कई एजेंसियों के रडार पर हैं। इस बीच बहराइच में भारत-नेपाल सीमा से भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रहे दो ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक 35 वर्षीय पाकिस्तानी मूल का युवक और दूसरी 61 वर्षीय महिला जो भारतीय मूल (उड्डपी कर्नाटक) की ब्रिटिश नागरिक हैं। दोनों को उसय गिरफ्तार किया गया, जब वह बिना किसी वैध वीजा के भारत में प्रवेश कर रहे थे। पुलिस और एसएसबी ने उन्हें सुसंगत धाराओं के तहत न्यायालय में जज के सामने पेश किया है। चर्चा है कि दोनों डॉक्टर हैं। यह भी कहा जा रहा है कि वे नेपालगंज में अपने डॉक्टर मित्र से मिलने आए थे। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। घुसपैठ कर रहे दोनों की पहचान सुमित्रा शकील ओलिविया(61) पुत्री जान फ्रेडरिक सुमित्रा निवासी मूल रूप से उद्दपी कर्नाटक, ब्रिटिश पासपोर्ट होल्डर तथा ओसीआई कार्ड होल्डर है। उसका वर्तमान पता 25 हरकॉम्ब ड्राइव, ग्लौकेस्टर यूनाइटेड किंगडम है। और हस्सन अम्मान सलीम(35) पुत्र मोहम्मद सलीम ( पाकिस्तानी मूल) वर्तमान निवासी ए-1 डलमोरटन रोड मैनचेस्टर यूनाइटेड किंगडम के रूप में हुई है। दोनों को वैध प्रपत्रों के अभाव में भारत प्रवेश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय बहराइच भेज दिया गया है। रुपईडीहा थानाध्यक्ष रमेश सिंह रावत ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे नेपालगंज से रुपईडीहा आ रहे दोनों को शक के आधार पर तहकीकात की। इन दोनों को रोककर इनके प्रपत्र देखे गए तो पता लगा कि इनके पास भारत प्रवेश के कोई प्रपत्र ही नहीं है। दोनों पर कानून संगत कार्रवाई की गई है। न्यायालय भेज दिया गया है।

# मचांदुर में विधिवत पूजा- अर्चना के बाद धान खरीदी की शुरुआत हुई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 16 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ शनिवार को मचांदुर सेवा सहकारी समिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। खरीदी कार्य शुरू होते ही किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।अधिकारियों ने बताया कि, शासन के निर्देशों के अनुरूप खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। समिति परिसर में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ- जैसे तौल-कांटा, बोरों की उपलब्धता, गुणवत्ता जांच, और साफ-सफाई पहले से ही सुनिश्चित की गई हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि, खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होने दी जाएगी।अब फसल बेचने में किसी तरह की नहीं होगी परेशानी कार्यक्रम के दौरान किसानों ने समय पर खरीदी प्रारंभ होने पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि, तय समय पर धान खरीदी शुरू होने से उन्हें अपनी फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

इस दौरान फलेंद्र सिंह राजपूत प्राधिकृत, अंडा बैंक प्रबंधक मनोज सेन, जितेंद्र सोनी सरपंच ग्राम पंचायत कातरो अध्यक्ष, महामंत्री प्रवीण यदु, पूर्व सरपंच दिलीप साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू, नवाब खान, ललित देवांगन, ननकु यदु, दयालु राम यादव, साहू समाज अध्यक्ष गजेंद्र साहू, पवन चंद्राकर, दुखू साहू, नंद गजपाल, खोमन साहू, पंच मनसा साहू, गुहरी साहू, आदि उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

# निपानी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 16 नवम्बर।** सेवा सहकारी समिति निपानी पंजीयन क्रमांक 2525 धान खरीदी का शुभारंभ किया गया जिसमें सहकारीता पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सभापति रवि सिन्हा, प्राधिकृत अध्यक्ष बेनीराम साहू, शाखा प्रबंधक उमाकुमार साहू, सुपरवाइजर विनोद यदु, ललित साहू, साहेबराम सिन्हा, मंगल साहू, जयप्रकाश सिन्हा, नारद साहू, हरिचंद्र सिन्हा, रामनारायण सिन्हा पुलकित वर्मा, नोमिन वर्मा, आपरेटर, दिनेश साहू, सुमरन सिन्हा, लोकनाथ रघुवंशी, गांधी साहू, भगवती साहू, भागवत सिन्हा, विजय साहू, खोमन सिन्हा अघनु सिन्हा, रामाधार यादव, कमलेश नेताम, महेंद्र साहू, विश्राम ठाकुर, कमल किशोर साहू, रोमलाल ठाकुर, उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उतई में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य जोरों पर



**उतई, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी ली गई दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत उतई के बूथ क्रमांक 164 बी एल ओ फुलेश्वरी देवांगन बताया कि अभी सबसे ज्यादा परेशानी बाहर से आई बहुओं को अपना 2003 सर्वे का मतदाता परिचय पत्र समझने में हो रही है उन्होंने बताया कि जितने भी पुत्रवधू है वह अपने माता-पिता में से किसी एक का 2003 मतदाता सर्वे सूची की छायाप्रति जमा करेंगे निरीक्षण के दौरान बी एल ए मुकेश साहू टीकम डोडे पूजा मंडावी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### युवाओं को दिया नशामुक्ति का संदेश



**कवर्धा, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने हेतु जारी प्रयासों के क्रम में विजय मेटल्स के संचालक अजय लूनिया ने युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे से पूरी तरह दूर रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। अजय लूनिया ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं, और उनका स्वस्थ व जागरूक रहना ही देश के विकास की असली आधारशिला है। उन्होंने सभी से अपील की कि समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए तथा स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य हेतु नशामुक्त जीवन अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति के समर्थन में शपथ भी ली।

### चंद्रवंशी ने दिया कर्मचारियों को नशामुक्त भारत का संदेश



**कवर्धा, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कर्मचारियों को नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया। सभी युवाओं से विनम्र अपील की शराब से दूर रहे क्योंकि शराब के कारण फेफड़ा, लीवर, किडनी खराब हो सकता है यह युवा समझे। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग की तारीफकरते हुए कहा की नशा मुक्त अभियान का प्रचार प्रसार कर रही है जो की अच्छी बात है।

### पिता की देखभाल के लिए अस्पताल में रुके युवक का मोबाइल चोरी

**भिलाई, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेवई थाना क्षेत्र के बीमार पिता की देखरेख के लिए युवक रात में अस्पताल में रुक गया इस बीच बदमाश घर से स्मार्ट फोन की चोरी कर ले गए रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305 (ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है नेवई पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर रिसाली निवासी निखिल यशोधरन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह घर से ही ब्लागर का काम करता है उसके पिता यशोधरन वेलू की तबियत खराब हो गई इस पर उन्हें सेक्टर - 9 में भर्ती कराया उनकी देखरेख के लिए वह रात में हास्पिटल में ही रुक जाता था अपने घर का ताला लगाकर हास्पिटल चला गया घर पहुंच कर मुख्य द्वार खोलने की कोशिश की लेकिन खुला इस पर पीछे दरवाजे में जाकर देखा तो चैनल गेट का ताला टूटा मिला। किसी तरह अंदर जाकर देखा तो 30 हजार रुपए कीमत का स्मार्ट फोन गायब मिला।

### निधन

**लखन देवांगन**

**उतई, 16 नवम्बर।** ग्राम मचांदुर निवासी पूर्व आर्मीमेन लखन देवांगन का आकस्मिक निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मचांदूर में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे रमेश देवांगन, ललित देवांगन विधायक प्रतिनिधि एवं देवांगन समाज अध्यक्ष के पिता थे। आकाश देवांगन व गुलशन देवांगन के दादा थे।



**उपमुख्यमंत्री ने महराजपुर में किसानों का तिलक लगा, श्रीफल भेंट कर धान खरीदी का किया शुभारंभ**

# प्रदेश सरकार ने 'मोदी की गारंटी' को पूर्ण करते हुए किसानों को पहुंचाया है लाभ : विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 नवम्बर।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित महराजपुर धान उपार्जन केंद्र में आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने परम्परागत रूप से तौल यंत्रों की पूजा-अर्चना कर, किसानों का तिलक करते हुए श्रीफल भेंट किया। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत कर किसानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी और किसान उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम कांपा के किसान भगत कौशिक से 36 क्विंटल धान का विक्रय किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने किसान के साथ मिलकर धान का तौल कराया एवं किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। उल्लेखनीय है कि महराजपुर उपार्जन केंद्र के अंतर्गत महराजपुर, कांपा, जीताटोला और डगनिया के कुल 769 पंजीकृत किसान हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का व्यापक एवं गहन निरीक्षण करते हुए किसानों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाओं, तौल व्यवस्था, टोकन वितरण प्रक्रिया, परिवहन प्रबंधन तथा खरीदी से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री शर्मा शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 'मोदी की गारंटी' को पूर्ण रूप से लागू करते हुए किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ राज्य के लाखों किसानों तक पहुँच रहा है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से धान खरीदी की प्रक्रिया अत्यधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और किसान-हितैषी ढंग से संचालित की जा रही है। इसी का परिणाम है कि किसानों को समय पर भुगतान, सुव्यवस्थित तौल, पर्याप्त बारदाना उपलब्धता और न्यूनतम प्रतीक्षा समय सुनिश्चित हो पाया है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत किसान का धान खरीदा जाएगा, किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने उपार्जन केंद्र में मौजूद किसानों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय वृद्धि और कृषि क्षेत्र के सतत, समग्र और दीर्घकालिक विकास के लिए पूर्णतः समर्पित है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी खरीदी व्यवस्था सुचारू रहेगी तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी किसानों के परिश्रम का सम्मान है। इसलिए सरकार और प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि हर किसान केंद्र से संतुष्ट होकर लौटे और उसे उसकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो।

# बैठक में आयुक्त ने दिए त्रुटिरहित मतदाता सूची डिजिटाइजेशन के लिए विशेष निर्देश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 नवम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पांडेय एवं अपर कलेक्टर सह निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी योगिता देवांगन ने नगर निगम भिलाई के सभागार कक्ष में एक विशेष बैठक आयोजित की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) सुपरवाइज़र उपस्थित रहे। बैठक में, अधिकारियों ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की और सुपरवाइज़रों को अत्यावश्यक निर्देश दिए। सभी बी.एल.ओ. सुपरवाइज़र यह सुनिश्चित करें कि गन्ना पत्रक भरने का कार्य तत्काल और त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जाए। गन्ना पत्रक में किसी भी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए। भरे हुए गन्ना पत्रकों को ऑपरेटरों के सहयोग से शीघ्रता के साथ डिजिटलाइज़्ड (कंप्यूटरीकृत) कराया जाए, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पांडेय और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी योगिता देवांगन ने ज़ोर देकर कहा कि स्वच्छ, पारदर्शी, और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सुपरवाइज़रों को निर्देशित किया गया है कि वे दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य को पूरा करें।

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अपील है कि सभी अपना गणना पत्रक मांगे गए दस्तावेज सहित बी एल ओ के पास जल्द से जल्द जमा करें जिससे मतदाता सूची से नाम न कटे। बैठक के दौरान एस डी एम हितेश पिस्दा, तहसीलदार डीगेश्वर साहू, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 9 गांवों के प्रतिभागियों ने दिखाए जौहर

**उतई, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श ग्राम मचांदुर में कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच संघ के अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू, विशेष अतिथि उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नवाब खान, पालक समिति के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन, सोसायटी अध्यक्ष दाऊ फलेंद्र सिंह बैस, महामंत्री प्रवीण यदु, प्राचार्य चौधरी, कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, महेश साहू, पंच मंशा राम साहू, गणपत साहू, गोपाल साहू, अशोक साहू, लोकेश साहू, महमूद खान, शिक्षक व छात्रगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच संघ अध्यक्ष ग्राम प्रधान साहू जी ने कहा कि यह कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 9 गाँव के प्रतिभागी भाग लिए। ग्रामीण पंचायत स्तर के बाद यह क्लस्टर स्तर दूसरा चरण है सभी विजेताओं को बधाई व आगामी तीसरे चरण विधानसभा स्तर व चतुर्थ चरण लोकसभा स्तर के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किये।



# नकली पुलिस बनकर घर की तलाशी ली और जेवरात लेकर फरार हो गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 नवम्बर।** नकली पुलिस बनकर घर में चोरी-लूटपाट करने वाले ईरानी गैंग को उतई थाने पुलिस ने पकड़ लिया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम मर्रा निवासी टामिन बंजारे ने 4 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई दो अज्ञात व्यक्ति सिविल ड्रेस में उनके घर पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताकर परिवार पर ड्रग्स, गांजा बेचने का आरोप लगाया था घर की तलाशी लेने का बहाने आरोपियों ने अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, पायल, बिछिया अन्य जेवरात लेकर फरार हो गए थे। टीआई महेश ध्रुव समेत उनकी टीम ने सीसी कैमरे से आरोपियों को खोज निकाला।

फुटेज में एक संदिग्ध स्कूटी और दो युवक दिख रहे थे रायपुर क्राइम ब्रांच की मदद से दोनों आरोपियों का शिनाख्त ईरानी गैंग के सदस्य के रूप में हुई। दोनों आरोपी वार्ड 7 पड़री रायपुर निवासी मिस्कीन अली, टेकरी रोड रायपुर महवाल अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोने-चांदी के जेवरात को रायपुर के हलवाई लाइन स्थित ज्वेलर्स शॉप में बेचकर 66 हजार रुपए आपस में बांट लिए थे।

बिना नंबर वाली स्कूटी 50 हजार, मोबाइल, 70 हजार के जेवरत, नगद 20 हजार जब्त किया। सोने का एक मंगलसूत्र को आरोपी मिस्कीन अली के घर से जब्त किया गया। आरोपियों ने माह अक्टूबर महीने में रिसाली सेक्टर भिलाई, मैत्री नगर, गाड़ाडीह में भी लूट किया था।

# महाश्वेता शिशु मंदिर में बाल मेला का आयोजन बच्चों ने बनाये चाइनीस एवं देशी पकवान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 16 नवम्बर।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला में बाल दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के पहले प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्रा-छात्राओं के द्वारा 15 जगहों पर स्टाल लगाए गए जिसमें चाइनीज पकोड़ा, मोमोस, मैगी, नुडल्स एवं देशी पकवान में मिर्ची भजिया, मुंगबड़ा, चाट, भेल व तरह- तरह के पकवान बनाए गए साथ में बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला में बाल दिवस को विशेष तौर पर मनाया गया।इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक हितेंद्र साहू ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 नवम्बर के दिन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन था, जिनका बच्चों से विशेष प्रेम था और उनके देहांत के बाद उनके जन्मदिवस14 नवंबर को बाल दिवस यानी चिल्ड्रन डे के रूप में मनाने की घोषणा की गई। जिसे आज तक बाल दिवस के रूप में मनाते आ रहें है।

इस अवसर पर शाला विकास समिति पालक समिति अध्यक्ष खिलावन सेन, नेत राम यादव, संस्था संचालक ज्ञानेन्द्र कुमार, शिक्षक राजेश दुबे, तेजनाथ निर्मलकर, शिक्षिका कु. चेतना मानिकपुरी, कु. तृप्ति सिन्हा, कु. नीलम निर्मलकर, कु. डिलेश्वरी विश्वकर्मा, कु. वेणु प्रभा साहू, कु. किरण साहू, कु. त्रिवेणी साहू एवं पालक दिग्विजय सिंह, सुरेंद्र साहू, रोशन साहू, नोमेश सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, कुलदीप साहू, सूरज साहू, उपेंद्र साहू, डोमन लाल साहू सहित छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे।

# इवेंट आर्गनाइजर पर बाइक सवारों ने गोली चलाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 नवम्बर।** जामुल थाने से एक किलोमीटर दूर पर एक इवेंट ऑर्गनाइजर पर मोटर साइकिल सवार हमलावरों ने निशाना बनाकर उस पर गोली चलाई। निशाना चूक जाने के कारण गोली कान को छूकर निकल गई। इससे वह बाल-बाल बच गया इस जानलेवा हमले में युवक के कान में मामूली चोट आई है पुलिस ने घटनास्थल से गोली के बाद शेष अवशेष बरामद किए हैं साथ ही आसपास की दीवारों पर फायरिंग के निशान पाए गए हैं पुलिस का अनुमान है कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश हो सकती है जामुल टीआई रामेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थी विकास प्रजापति (26 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 नवंबर की शाम 5.50 बजे मोबाइल नंबर के धारक ने अपने बच्चे के जन्म दिन के कार्यक्रम में इंवेट का काम कराने के लिए घासीदास नगर ईदगाह के पास बातचीत करने के लिए बुलाया था तब प्रार्थी अपने दोस्त राजा के साथ अपनी मोटर साइकिल से ईदगाह के पास घासीदास नगर पहुंचकर खड़ा था शाम लगभग 6.20 बजे हाउसिंग बोर्ड की ओर से एक मोटर साइकिल में बैठकर दो अज्ञात लड़के आये और बोले कि वर्ष 2023 में शिवम साव की दीपक साइकिल स्टोर्स के सामने शारदा पारा केम्प 02 छावनी में हुई हत्या में तुम भी शामिल थे तुमको जान से मार देंगे कहकर जान से मारने की नीयत से मोटर साइकिल के पीछे बैठा अज्ञात व्यक्ति बंदूक जैसी कोई वस्तु निकालकर प्रार्थी के तरफकर चलाया इससे प्रार्थी के दाहिने कान के पास से गुजरी है। इससे प्रार्थी के कान में दर्द होना बताया गया रिपोर्ट पर जामुल पुलिस मामले में धारा 109 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है वारदात के दूसरे दिन शाम 5.31 बजे घटनास्थल की जांच वारदात हुई और विकास के ऊपर फायरिंग हुई, लेकिन सुबह से दोपहर तक पुलिस की जांच ठंडी पड़ी रही जामुल पुलिस के थानेदार व स्टाफ एफएसएल टीम के साथ पहुंचा घटना स्थल पहुंच कर प्रार्थी के बताये स्थान पर तस्दीक किया गया। जांच में बुलेट का अगला भाग रोड के पास बांये साइड मिला है फोरेंसिक के डॉक्टर मोहन पटेल व छावनी सीएसपी हेमप्रकाश नायक व जामुल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक के मोहन पटेल ने प्रार्थी को पूछा कि किस दिशा से गोली चली और घटना कैसे हुई इसके बाद प्रार्थी ने पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया छावनी सीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि घटना पर संदेह हो रहा है, जांच जारी प्रार्थी के द्वारा गोली चलना बताया है उसके हिसाब से बुलेट व खोखा जहां गिरा है। उस स्थिति को देखकर घटना पर संदेह हो रहा है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना की जा रही है व अन्य पहलुओं को देखा जा रहा है

**एनडीए के सभी कार्यकताओं को भावना बोहरा ने दी बधाई और कहा**

# बिहार की जनता ने फिर एक बार विकास व स्थिरता पर विश्वास जताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 16 नवम्बर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए फिर एक बार एनडीए सरकार के अपने नारे को सिद्धि तक पहुंचाने में कामयाब हुई है।

भारतीय जनता पार्टी और उनकी सहयोगी पार्टियों ने चुनाव में एक तिहाई से अधिक बहुमत हासिल करते हुए एक बड़ी जीत दर्ज की है वहीं महागठबंधन को एक बार फिर से बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली इस ऐतिहासिक जीत पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार की जनता ने एक बार फिर अपने जनादेश से यह सिद्ध कर दिया है कि वह विकास, स्थिरता और सर्वसमावेशी प्रगति के मार्ग पर अटूट विश्वास रखती है। यह परिणाम सिर्फ चुनावी जीत नहीं, यह आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व, उनकी गारंटी, और उभरते हुए नये बिहार के भविष्य में जन-जन का अटूट विश्वास है।

इस विश्वास के लिए बिहार की जनता का कोटि-कोटि आभार। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन को मिली इस ऐतिहासिक जीत के लिए एनडीए के सभी विजयी प्रत्याशी, समर्पित कार्यकर्ताओं को भी हार्दिक बधाई। आपकी मेहनत, आपका समर्पण और आपकी प्रतिबद्धता ही इस ऐतिहासिक विजय की असली शक्ति है।भावना बोहरा ने आगे कहा कि बिहार की जनता इन सभी परिवर्तन से भली भांति परिचित है, उन्होंने प्रधानमंत्री जी और एनडीए सरकार की घोषणाओं और योजनाओं को जमीनी हकीकत में पूरा होते देखा है। इन्हीं परिवर्तनकारी नीतियों से एक बार पुनः एनडीए गठबन्धन बिहार में ऐतिहासिक जीत जरुर दर्ज करेगी। मुझे खुशी है कि जीत का मुझे भी माध्यम बनने का केन्द्रीय नेतृत्व एवं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी व छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व ने सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में मुझे जिम्मेदारी दी और आज वहां से भी भाजपा प्रत्याशी विनय कुमार सिंह जी ने भी बड़े अंतर से जीत हासिल की है मैं उन्हें व सोनपुर विधानसभा के समस्त कर्मठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बधाई देती हूँ साथ ही सोनपुर विधानसभा की जनता जिन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान मुझे अपने परिवार के सदस्य की भांति स्नेह और समर्थन दिया मैं उनके इस विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।



हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में बिहार की जनता से किये हर एक वादों को सुशासन और विकास की पहचान एनडीए सरकार अक्षरशः पूरा करते हुए बिहार की महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और एक नए, आत्मनिर्भर व विकसित बिहार को नई ऊँचाइयों पर लेकर जाएंगे।

## एक नजर

### जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की हुई शुरुआत

**बलौदाबाजार, 16 नवंबर।** राज्य शासन के. निर्देशानुसार जिले में 15नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियो ने उपार्जन केन्द्र में तौल मशीन एवं बांट का पूजा अर्चना एवं उपस्थित किसानों का माला पहनाकर सम्मानित किया गया। धान खरीदी शुरू होने से जिले के किसानों में उत्साह का माहौल है। धान खरीदी के पहले दिन कुल 79 टोकन कटे हैं। टोकन के अनुसार किसान उपार्जन केंद्रों में अपना धान बेचने पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी 129 समितियो एवं 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी हेतु व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किया गया है।पेयजल, शेड, शिकायत पेटी आदि व्यवस्थाए की गई है।कलेक्टर दीपक सोनी ने अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर को धान खरीदी की तैयारी के सम्बन्ध में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं।

### मातृ शक्ति को समर्पित सप्त शक्ति संगम का हुआ आयोजन

**रायपुर 16 नवंबर।** शिव शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माना कैम्प में विघा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा मातृ शक्ति को समर्पित सप्त शक्ति संगम का आयोजन दिनांक - 15/11/2025 को विघालय परिसर में किया गया जिसमें महिलाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों में समाज के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित कर रही पुष्पांजलि मोहंती, रत्ना डे, डेनिश पात्र, जानकी साहू रही। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के वीरेंद्र डागा ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से महिलाओं को जागृत कर उनके अंदर व्याप्त सप्त शक्ति अर्थात श्री, कीर्ति, क्षमा, धृति, वाक, स्मृति, मेधा से उन्हें परिचित कराने के उद्देश्य को लेकर किया गया। आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं ने भारतीय सामाजिक संरचना में अतीत से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं के द्वारा किए गए अनुकरणीय उदाहरणों एवं कार्यो को स्मरण कराते हुए उपस्थित मातृ शक्ति को नव ऊर्जा प्रदान करने का प्रयास किया। आयोजन में विघालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा मातृ शक्ति आधारित प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर विशेष कार्यक्रम

**रायपुर, 16 नवंबर।** रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल ने Intuitive, जो रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी की वैश्विक अग्रणी कंपनी है, के सहयोग से 5वीं मंज़िल के कॉन्फ़्रेंस हॉल में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर एक अनूठा CME एवं लाइव वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जटिल गायनेकोलॉजिकल मामलों की लाइव रोबोटिक सर्जरी जैसे – रेडिकल हिस्टरेक्टॉमी, ओवेरियन सिस्टेक्टॉमी, बड़े फाइब्रॉइड्स के लिए हिस्टरेक्टॉमी एवं अन्य चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाएँ शामिल थीं, जिससे मिनिमली इनवेसिव रोबोटिक सर्जरी में नवीनतम प्रगतियों का प्रदर्शन किया गया। रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल ने एक ही दिन में 6 रोबोटिक सर्जरी कर एक और उपलब्धि हासिल की।

### साधारण सभा में योजनाओं की समीक्षा

**राजनांदगांव 16 नवम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव की अध्यक्षता में जिला पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति एवं वित्तीय मदों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कार्यों को प्राथमिकता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### निधन

### ए पी नायक

**तिल्दा नेवरा ।** ग्राम तुलसी (तिल्दा) निवासी छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज



आजीवन समाज सेवा करते आ रहे पूर्व केंद्रीय कोषाध्यक्ष ए पी नायक का निधन हो गया है। परमात्मा से प्रार्थना करते है कि अपने श्रीचरणों मे जगह प्रदान कर इस आवागमन से मुक्त मोक्ष गति दें। शोकाकुल परिवार को दुख सहने की क्षमता दें। तिल्दा एव धरसींवा राज की ओर से दिव्यात्मा को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र घोटाले की एनएसयूआई ने राजभवन से की शिकायत

■ डेढ़ दर्जन से अधिक फर्जी नियुक्तियों के आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रायपुर, 16 नवंबर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में फर्जी जाति प्रमाणपत्र के सहारे हुई नियुक्तियों का गंभीर मामला सामने आया है। एनएसयूआई रायपुर जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. रविन्द्र कुमार ब्रम्हे की नियुक्ति में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए राजभवन, कुलपति और कुलसचिव को विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा है। झा ने बताया कि डॉ. ब्रम्हे की नियुक्ति वर्ष 2003 में अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित पद पर की गई, जबकि उन्होंने जिस जाति प्रमाणपत्र का उपयोग किया, वह 07 अगस्त 1999 को जारी अस्थायी प्रमाणपत्र था, जिसकी वैधता केवल छह माह (06 फरवरी 2000 तक) थी। प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के तीन वर्ष बाद नियुक्ति दी गई, जिसे झा ने गंभीर प्रक्रियागत त्रुटि और नियम उल्लंघन बताया।

एनएसयूआई द्वारा प्राप्त आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार विश्वविद्यालय ने 26/12/2022 और 27/01/2025 को जिला स्तरीय सत्यापन समिति, बिलासपुर को पत्र भेजकर प्रमाणपत्र की जांच का अनुरोध किया था। लेकिन न तो अब तक प्रमाणपत्र सत्यापित हुआ और न ही स्थायी प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है। इससे पूरे प्रकरण पर शक और गहरा गया है।

#### शासन के 11 आदेशों की उपेक्षा

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2007 से 2021 के बीच छत्तीसगढ़ शासन ने फर्जी/झूठे जाति प्रमाणपत्र वाले कर्मचारियों की सेवा समाप्ति संबंधी 11 आदेश जारी किए। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने 22 वर्षों में भी कोई कार्रवाई नहीं की। एनएसयूआई ने इसे भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर इशारा बताया।विश्वविद्यालय में 'फर्जी नियुक्तियों का नेटवर्क' सक्रिय – एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा विश्वविद्यालय में सिर्फ एक प्राध्यापक नहीं, बल्कि डेढ़ दर्जन से अधिक प्राध्यापक, कर्मचारी और अधिकारी फर्जी जाति प्रमाणपत्र, भ्रामक दस्तावेज़ या नियम-विरुद्ध प्रक्रियाओं के आधार पर वर्षों से नौकरी कर रहे हैं। एनएसयूआई हर दोषी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। आरक्षित वर्ग के युवाओं के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत में इस पूरे कृत्य को भारत न्याय संहिता 2023 के तहत दंडनीय अपराध बताया गया है। इसमें धारा 316 (कपट से लाभ प्राप्त करना), 317 (धोखाधड़ी से पद प्राप्त करना), 318 (कूटरचना), 319 (कूटरचित दस्तावेज़ का उपयोग) और यदि अधिकारियों की मिलीभगत सिद्ध होती है तो धारा 340 (लोकसेवक द्वारा पद का दुरुपयोग) शामिल हैं। झा ने इसे अनुसूचित जाति वर्ग के वास्तविक अभ्यर्थियों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया।

#### मुख्य मांगें

एनएसयूआई ने अपनी शिकायत में निम्न मांगें रखी हैं– 1. मामले की उच्च स्तरीय समिति से जांच। 2. प्रमाणपत्र असत्य पाए जाने पर संबंधित प्राध्यापक की तत्काल सेवा समाप्ति। 3. नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई। 4. विश्वविद्यालय में मौजूद सभी संदिग्ध/फर्जी नियुक्तियों की व्यापक जांच। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के आरक्षित वर्ग के युवाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। विश्वविद्यालयों में फर्जी नियुक्तियों का जाल तोड़ा जाएगा और एनएसयूआई इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## विधायक व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में जिले के प्रभारी सहित सह प्रभारियों ने किया पोस्टर का विमोचन

# कांग्रेस के टैलेंट हंट का आगाज

**मोहला 16 नवंबर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जायेगा, छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 7 नवंबर को टेलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की थी आज उसी कड़ी में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा ,सह प्रभारी मनीष साहू सहित नेताओं द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। जिले के प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा व सह प्रभारी जिला अध्यक्ष एनएसयूआई मनीष साहू ने बताया कि पूरे देश में कांग्रेस पार्टी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है, इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी देश के युवाओं एवं सभी उन ओजस्वी वक्ताओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी । उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी



जिले में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं, महिलाओं तथा सभी अच्छा बोलने व लिखने वालों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित करते हैं, 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर के कोई भी इस अवसर का लाभ ले सकता है उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम का लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया जिसके माध्यम से आवेदन डाउनलोड करके कोई भी आवेदक ऑनलाइन कर सकता है। इस कार्यक्रम में आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है उसके बाद आये हुए आवेदनों की स्कूटनिंग किया जायेगा तथा चयनित अभ्यर्थी दूसरे चरण में जायेंगे जहां ऑनलाइन इंटरव्यू जिला जायेगा। दूसरे चरण से चयनित अभ्यर्थी, तीसरे चरण में जायेंगे जहां पर उनका सीधा साक्षात्कार होगा तथा पेनल डिसक्शन होगा। उसके बाद जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्तियां की जायेगी। कार्यक्रम के संचालन के लिए एक प्रदेश स्तर की आयोजन समिति बनाई गयी तथा पूरे प्रदेश को पांच जोन में बांटकर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं को जवाबदारी दी गयी है।

राजनांदगांव नगर निगम पार्षद दल के पूर्व प्रवक्ता ऋषि शास्त्री ने बताया कि कांग्रेस ही एक पार्टी है जो युवाओं की आवाज को मंच देने का कार्य करती है वे खुद भी युवा पार्षद होते हुए वरिष्ठों के बीच दल के प्रवक्ता बनाए गए थे इसी तरह यह कार्यक्रम भी बहुत बड़ा मौका है सबके लिए कांग्रेस की आवाज़ बनने का इसलिए खुद फॉर्म भरने के साथ साथ अन्य अच्छे वक्ताओं को भी भाग लेने प्रेरित करें ।पोस्टर विमोचन के पश्चात सभी के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय तथा विधायक आवास पर क्यू आर कोड सहित कार्यक्रम के पोस्टर लगाए गए साथ ही लोगों को फॉर्म भरने प्रोत्साहित भी किया गया उक्त कार्यक्रम में विधायक इंद्रशाह मांडवी, जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, प्रभारी अभिमन्यु मिश्रा सहित ऋषि शास्त्री, मनीष साहू, विशु अजमानी, विनोद बमभोले, अब्दुल खालिक, देवानंद, ओंकार दीक्षित आदि नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम के पूर्व सभी विधायक मंडावी के नेतृत्व में किसान आंदोलन में भी शामिल हुए ।

### अनियमितता पर स्वास्थ्य विभाग ने दो निजी अस्पतालों का आयुष्मान पंजीयन सस्पेंड किया

**बलौदाबाज़ार, 16 नवंबर।** अस्पतालों की गुणवत्ता, सुरक्षा और नियमानुसार उपचार सुनिश्चित करने में अनियमितता पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए जिले में संचालित दो निजी अस्पतालों के आयुष्मान पंजीयन 3 माह के लिये सस्पेंड कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा आरोग्यम हॉस्पिटल सिमगा एवं ओमकार हॉस्पिटल बलौदाबाजार का जांच कराया गया जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।उक्त दोनों अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर राज्य कार्यालय को अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की अनुशंसा की गई। अनुशंसा के आधार पर राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आरोग्यम हॉस्पिटल सिमगा एवं ओमकार हॉस्पिटल बलौदाबाजार का आयुष्मान पंजीयन 3 माह के लिये सस्पेंड कर दिया है। जाँच में मिली प्रमुख कमियाँ- अस्पताल स्टाफ की योग्यता का सत्यापन न होना,आवश्यक मेडिकल उपकरणों का अभाव,केस शीट और उपचार रजिस्टर में गड़बड़ियाँ, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली कमजोर, दवाइयों और प्रक्रियाओं की गलत प्रविष्टियां,आवश्यक सुविधाओं की कमी,मरीजों की देखरेख में खामियां मिली।

# कोलिहा में चलाया गया नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान,निकाली गई रैली

**सिमगा 16 नवंबर।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोलिहा में नशा मुक्ति अभियान के तहत आज जनजागरूकता रैली निकाली गई ग्राम में महिला कमांडो का गठन भी किया जा रहा है, साथ ही गांव के सरपंच पंचगण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से कोलिहा को नशा मुक्ति गांव बनाने की पहल की जा रही है इसी परिपेक्ष में आज गांव में जन जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों का कहना है की छत्तीसगढ़ प्रदेश लगातार नशे की ओर बढ़ रहा है और नशे के चलते ही विभिन्न प्रकार के वारदात होते हैं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम कोलिहा को नशा मुक्त ग्राम बनाना है इसी मानसा के अनुरूप




जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, और नशे से दूर रहने एवं गांव में अवैध शराब सहित नसे से संबंधित कोई भी समान नहीं बेचे जाने की अपील भी की जा रही है।साथ ही यह जनजागरूकता रैली गांव में निकाली गई और नारे लगाए गए, ÷कही देबे तैं मयारु ला, झन पीबे ते दारू ला÷ यह नारा भी गांव की गलियों में लगाई गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला. सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे. सरपंच गीता संतोष साहू. सचिव सुरेश कुमार घिदौड़े एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस भारत की प्राचीन संस्कृति का प्रतीक:सांसद अग्रवाल

■ बलौदाबाज़ार में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा होगी स्थापित

**बलौदाबाज़ार,16 नवंबर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भगवान बिरसा मुण्डा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम क़ा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने जिलेवासियों को भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती की शुभकामनाएं दीं और जिला मुख्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के सम्बोधन के जीवंत प्रसारण को टीवी पर देखा गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 1895-1900 के दौरान उलगुलान आंदोलन छेड़ा गया जो ब्रिटिश राज के ख़िलाफ़ बड़ी क्रांति थी।भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दे दिया। उन्होंने अपने आंदोलन से देश मे क्रांति की अलख जगाई जिसके कारण आज देश आज़ाद है। श्री अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी जंगलों और पर्यावरण के रक्षक हैं ।सदियों से जल जंगल और धरती को बचाने का काम आदिवासी कर रहे हैं ।उन्होंने भारत को आज़ादी दिलाने के संग्राम में आदिवासियों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि आदिवासी सबसे पुराने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं।इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे एकलव्य स्कूल ,वन धन केंद्र ,धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना ।पीएम जनमन योजना का भी ज़िक्र किया ।

कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले की 46 पंचायतों में में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना संचालित है जिसके तहत सभी इंडिकेटर्स में जिले में अच्छा काम किया जा रहा है।अब तक 9 इंडिकेटर्स में शत प्रतिशत संतृप्तता हासिल कर ली गई है।इसी प्रकार जिले की दो ग्रामपंचायतों में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष जनजातीय समुदायों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री भूपेंद्र ध्रुवंशी ने गौरवशाली जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों के योगदान का स्मरण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा,स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## किसान का तिलक लगाकर व माला पहनाकर किया स्वागत

# सांसद ने पूजा-अर्चना के साथ किया समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ

■ अर्जुनी में सहकारी समिति भवन निर्माण के लिए 10 लाख एवं सी सी रोड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

**बलौदाबाजार, 16 नवंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य जिले में 15 नवंबर शानिवार से प्रारंभ हो गया है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपार्जन केन्द्र अर्जुनी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर औपचारिक रूप से धान खरीदी का शुभारंभ किया। केन्द्र में धान विक्रय करने आये पहले किसान



श्री छेदू राम वर्मा का तिलक लगाया और फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। किसान को बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों के एक -एक दाना धान खरीदी करेगी। इस अवसर पर लोगों की मांग पर अर्जुनी में सहकारी समिति भवन निर्माण हेतु 10 लाख एवं सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी होगी। सभी उपार्जन केंद्रों में कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। किसानों को धान बेचने में कोई चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से उपार्जन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, टोकन, बरदाने सहित अन्य व्यवस्थाओ की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने किसानों से कहा कि धान की राशि को अच्छे कार्य में उपयोग करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा,स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### खूबचंद बघेल चौक वर्षों से है उपेक्षा का शिकार

**तिल्दा नेवरा 16 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खूबचंद बघेल जी का नाम प्रदेश के इतिहास में आदर और



सम्मान के साथ लिया जाता है। तिल्दा में उनके सम्मान में स्थापित खूबचंद बघेल चौक वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। चौक की वर्तमान स्थिति अत्यंत खराब एवं जर्जर हो चुकी है, इस तरह नेवरा सुभाष चौक जर्जर वर्षों से पड़ा है वहीं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक के हाल दयनीय है नगर के नागरिक ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बघेल जी जैसे महापुरुषों के नाम पर विकसित स्थलों की ऐसी स्थिति न केवल दुखद है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और ऐतिहासिक मूल्यों के संरक्षण पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने शासन एवं प्रशासन से कई बार मरम्मत और सौंदर्यीकरण की मांग की, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रश्न यह उठता है कि छत्तीसगढ़ शासन आखिर कब इस महत्वपूर्ण स्थल की सुध लेगी? ऐसे महापुरुष जिनका योगदान अविस्मरणीय है, उनके नाम से जुड़े स्थानों को संरक्षित करना शासन की जिम्मेदारी है। स्थानीय जनता आशा करती है कि शासन शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगा।

### पेंशनरों को डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र इन लाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया



**सिमगा हथबंद 16 नवंबर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बलौदाबाजार-भाटापारा के महासचिव मुबारक हुसैन के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक सिमगा के ब्रांच मैनेजर मो,शेख आदिल द्वारा सिमगा तहसील के समस्त विभागों के पेंशनरों को डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र इन लाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया जो पेंशनर्स लाइफसर्टिफिकेट इन लाइन नहीं कर पाये थे उनका तुरंत आनलाइन प्रमाण पत्र बनाया गया।समाज में हो रहे साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, पेंशनरों को मिलने वाले लाभ,लोन सुविधाओं के बारे में बताया गया।मैनेजर द्वारा स्वल्पाहार के बाद शाल और श्रीफल भेंट कर पेंशनरों का अभिनंदन किया गया। पेंशनरों ने अपने संबोधन में कहा कि सिमगा नगर के इतिहास में पहली बार बैंक प्रबंधन द्वारा ऐसा सीनियर सिटीजन पेंशनरों के लिए गरिमामय आयोजन किया गया।इस अवसर पर बैंक स्टाफ से मो,शेख आदिल, चंद्र शेखर जी,प्रणयरथ,नवीता सेनगुप्ता, पेंशनर्स मुबारक हुसैन कामता प्रसाद देवांगन, गणेश राम राम सेन, जीवन लाल माली, शिवकुमार वर्मा,ईश्वरी शर्मा, घनश्याम गिरी गोस्वामी,गयाराम ध्रुव सहित सिमगा तहसील के जागरूक पेंशनर्स उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ रेलवे संगवारी संघ का आयोजन मैरिज पैलेस में किया गया



**डोंगरगढ़ 16 नवंबर।** छत्तीसगढ़ रेलवे संगवारी संघ द्वारा दिनांक 9 नवंबर को एक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होटल केसरीनंदन लॉन एंड मैरिज पैलेस में किया गया। इस कार्यक्रम में रेलवे परिचालन संघ के उन सभी सदस्यों ने भाग लिया, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी संस्कृति और भाषा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना था। इसी कड़ी में कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पूरा आयोजन, जिसमें मंच संचालन, कविता, गीत एवं नृत्य शामिल थे, छत्तीसगढ़ी भाषा में ही संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ 'छत्तीसगढ़ महतारी' के वंदन एवं राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' के मनमोहक प्रस्तुतिकरण के साथ हुआ। इसके पश्चात, संघ के अध्यक्ष कुंभकार द्वारा संघ के प्रतीक चिन्ह 'हमर चिन्हा' का विधिवत विमोचन किया गया। समारोह में महिलाओं और बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इस प्रकार,छत्तीसगढ़ी भाषा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में एक सजीव और रंगारंग माहौल बनाया, जिससे छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक स्पष्ट देखने को मिली।



**सिमगा 16 नवंबर।** बाल दिवस के मौके पर मनोज टोन्डे ने चाचा नेहरू को याद करते हुवे सभी चाचा नेहरू के प्रिय बच्चों को चार स्कूल मांढर कला, हरिंभटा के दो स्कूल , और मुसवाडी इन चार स्कूलों में नेवता भोज कराया शामिल धनराज बंजारे, कृष्णा बंजारे, नरेंद्र यदु शामिल थे बच्चों में उत्शा दिखाई दिया मनोज टोन्डे समाजिक कार्यकर्ता ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की।

संपादकीय

# बिहार चुनाव का दूरगामी असर होना ही है

किसी राज्य में अप्रत्याशित चुनाव परिणाम आता है तो उसका असर कई राज्यों सहित देश की राजनीति पर भी जरूर पड़ता है। बिहार का चुनाव परिणाम राष्ट्रीय दलों सहित क्षेत्रीय दलों के लिए अद्भुत,अप्रत्याशित,अकल्पकनीय ऐतिहासिक हैं, किसी को यकीन नहीं आ रहा है कि बिहार जैसे राजय में विधानसभा चुनाव की परिणाम ऐसा भी आ सकता है। बिहार चुनाव परिणाम का बिहार की राजनीति,लालू परिवार,कांग्रेस,राष्ट्रीय राजनीति,राज्यों की राजनीति पर असर तो पड़ना ही है। सबसे पहले इसका असर बिहार का राजनीति पर पड़ना है।बिहार में माना जाता था बिहार में उसकी जीत उसी की होती है,जिसके साथ एमवाय का समर्थन होता है। इस बार मोदी और शाह ने बिहार की राजनीति के इस मिथक को तोड़ दिया है कि चुनाव में जीत उसकी होगी जिसके साथ एमवाय होंगे यानी मुसलमान और यादव।अमित शाह और मोदी इस एमवाय के जवाब में एक और एमवाय फार्मूला बनाया, यह एम वाय फार्मूला महिला व युवा का था। अमित शाह व पीएम मोदी ने एक एमवाय के सामने दूसरे एमवाय को खड़ा किया और इस बात को सही साबित किया कि जिस तरह लोहे को लोहा काटता है, उसी तरह एमवाय फार्मूले को फेल करने के लिए एमवाय फार्मूला जरूरी है। इस बार बिहार की राजनीति में एमवाय का जातिवादी फार्मूला पीएम मोदी व शाह के एमवाय यानी महिलाओं और युवाओं के विकास की राजनीति के सामने चला नहीं और जातिवादी राजनीति करने वालों को सबक दे दिया गया है कि अब बिहार में राजनीति का नया दौर शुरू हो गया है। पीएम मोदी व शाह की तरह प्रशांत किशोर ने भी जनसुराज नामक नई राजनीतिक पार्टी बनाकर बिहार की राजनीति को बदलने का प्रयास किया। उन्होंने दो दलीय राजनीति की जगह त्रिकोणीय राजनीति शुरू और दो साल तक बिहार के गांव गांव घूमकर लोगों को बताने की कोशिश की वह दोनों दलों का अच्छा विकल्प हैं,बिहार को बदलना है तो उनको पुराने दलो की जगह नए दल को चुनाव में जिताना होगा लेकिन चुनाव परिणाम से यह साफ हो गया है कि बिहार की जनता ने उनको नकार दिया है। यानी बिहार की राजनीति दोदलीय थी और भविष्य में भी दो दलीय रहने वाली है। बिहार देश का दूसरा बड़ा राज्य है जिसकी राजनीति को पीएम मोदी व शाह ने बदल दिया है। इससे पहल पीएम मोदी व शाह ने यूपी के २०१७ के चुनाव में यूपी की जातिवादी राजनीति को बदल दिया था और विकास की नई राजनीति शुरू की थी। यही वजह है कि आज चूपी का विकास तेजी से हो रहा है। जातिवादी राजनीति करने वालों के लिए चुनाव जीतना मुश्किल हो गया है, वह दो चुनाव से हार रहे हैं।उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव जीते तो कैसे जीतें। बिहार में तेजस्वी की हार से फिर एक बार साफ हो गया है कि देश ही नहीं राज्यों की जनता भी अब भ्रष्टाचार को अपना विशेष अधिकार मानने वाली परिवारवादी राजनीति को नकार रही है तथा उसकी दूसरी,तीसरी व चौथी पीढ़ी को नकार रही है।बिहार की जनता ने राहुल व तेजस्वी की जोडी को नकार कर साफ कर दिया है। अब वह उनको ही चुनाव में जिताएंगे जो राज्य मे जातिवाद,परिवारवाद की जगह राज्य के विकास की राजनीति करेंगे।बिहार में तेजस्वी की बडी हार सेयूपी मे अखिलेश यादव व पं.बंगाल ममता बैनर्जी को भी चिंता बढ़ गई है जब पड़ोसी बिहार में ऐसा हो सकता है तो यूपी, पं.बंगाल में भी ऐसा हो सकता है। बिहार चुनाव में एनडीए की भारी जीत का असर यह होना है कि एनडीए की स्थिति और मजबूत होनी है। क्योंकि बिहार में नीतीश कुमार की जीत में भाजपा की भी अहम भूमिका है।वह पहले की तरह अब पलटी मारने की स्थिति मे नहीं है कि क्योंकि जनता ने इस बार भाजपा व नीतीश कुमार को इतनी सीटें दी हैं और राजद को इतनी कम सीटें दी हैं कि नीतिश उनके साथ जाकर सरकार बना नहीं सकते।भाजपा की स्थिति राज्य में मजबूत होने से नीतीश कुमार को भी अब समझ में आ गया होगा कि अव उनका भला भाजपा के साथ ही रहने में है। चंद्रबालू नायडू पहले ही भाजपा के साथ हैं, अब नीतीश भी साथ ही रहने वाले इसलिए भाजपा की सरकार को पहले भी किसी तरह का खतरा नहीं था और अब भी नहीं है। बिहार चुनाव के पहरे मोदी सरकार मजबूत सरकार थी और बिहार चुनाव के बाद मोदी सरकार और मजबूत सरकार है।उसके पूरे पांच साल चलने को लेकर कोई आशंका नहीं है। राहुल गांधी अब भले ही कहते रहे कि मोदी सरकार कमजोर सरकार है लेकिन सब जानते हैं कि जब तक जनता मोदी के साथ है, जब नीतीश कुमार व चंद्रबालू नायडू पीएम मोदी क साथ है, वह मजबूत पीएम बने रहेंगे और बड़े फैसले लेते रहेंगे। बिहार चुनाव में जीतने का एक असर आने वाले दिों में यह भी होने वाला है कि राज्यसभा में भाजपा के सदस्यों की सख्या बढ़ने वाली है, इससे उसे राज्यसभा में बिल पास कराने में पहले की तरह मुश्किल नहीं होगी।

# सबसे 'तेज़' बनने के चक्कर में 'श्रद्धांजलि ' का पात्र बना 'मीडिया'

विशेष

तनवीर जाफ़री



अन्य करोड़ों लोगों की तरह मैं भी फ़िल्म जगत में 'ही मैन' के नाम से प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता धर्मेंद्र का बचपन से ही प्रशंसक हूँ। 1985-87 के मध्य इलाहाबाद में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। उसी दौर में मुंबई आना जाना रहा। उन दिनों मुझे संजय ख़ान,दारा सिंह,रणजीत,देव कुमार उनकी सुपुत्री मिस इंडिया मनीषा कोहली सहित अन्य कई कलाकारों से व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिला। परन्तु इत्तेफ़ाक़ से दो बार कोशिशों के बावजूद धर्मेंद्र से इसलिये न मिल सका क्योंकि मेरे मुंबई के प्रवास के दौरान वे शूटिंग पर कहीं बाहर होते। बहरहाल उनसे मिलने व उनके साथ बैठने की हसरत दिल में ही रही। इत्तेफ़ाक़ से 2005 में जब मैं लोकसभा की कार्रवाई देखने के लिये दिल्ली गया था उसी दौरान संसद के मुख्य द्वार पर मेरी नज़र इस महान अभिनेता पर पड़ी। उस समय वे 2004 से 2009 के मध्य बनी 14वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्वाचित हुये सांसद थे। मैं उन्हें देखकर ज़ोर से बोल पड़ा --अरे ...बीरु .. और धर्मेंद्र ने मेरी तरफ़ दोनों हाथ बढ़ाते हुये ज़ोर से कहा --आ जा मेरी जान। मैं उनकी तरफ़ तेज़ी से बढ़ा ,उन्होंने बी आगे बढ़कर पूरी गर्मजोशी से मुझे दोनों हाथों से झप्पी डालते हुये इतनी ज़ोर से उठाया की मेरे दोनों पैर ज़मीन से ऊपर उठ गये। उस अविस्मरणीय क्षण को मैं आज भी भी याद करता हूँ। बहरहाल पिछले दिनों भारत के बदनाम ज़माना 'गोदी मीडिया ' ने देश के उस हरदिलअज़ीज़ अभिनेता को उनके जीवनकाल में ही अपनी 'ख़बरों' में श्रद्धांजलि दे डाली। ग़ौर तलब है कि सांस लेने में दिक़्क़त होने के कारण उन्हें पिछले दिनों मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती होते ही टी आर पी के भूखे गोदी मीडिया ने अपने मुख्य वाक्य 'सबसे तेज़' को साकार करने के मक़सद से मोर्चा संभाल लिया। और 10-11




नवंबर के बीच अच्छे ख़ासे बोलते बात चीत करते इस लोकप्रिय अभिनेता की मौत की झूठी अफ़वाहें तेज़ी से फैला दीं। ऐसी अफ़वाहबाज़ी कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंहवी, तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी,अभिनेत्री भाग्यश्री, गीतकार व पटकथा लेखक जावेद अख़्तर यहाँ कि ख़ुद गोदी मीडिया की ही एक चर्चित पत्रकार चित्रा त्रिपाठी तक ने इसी झूठी ख़बर पर विश्वास करते हुये धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर डाले। बाद में इनमें से कई हस्तियों ने अपने ऐसे ट्वीट डिलीट भी किये ? यहाँ तक कि कई बड़े अख़बारों ने भी इसी गोदी मीडिया की इस झूठी ख़बर पर विश्वास हुये मुख्य पृष्ठ पर ख़बरें प्रकाशित कर डालीं। उधर वही धर्मेंद्र अपनी मौत की झूठी ख़बर फैलने के अगले ही दिन यानी 12 नवंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए। अस्पताल से छुट्टी के बाद वे सजे संवरे सर पर हैट धारण किये अपने अभिनेता पुत्रों के साथ हँसते मुस्कुराते और उसी मीडिया का अभिवादन करते हुये अपने घर जाते नज़र आये। परन्तु पहले भी इस तरह की अफ़वाह फैलाते रहने वाले गोदी मीडिया को इस बार कुछ ज़्यादा ही मुँह की खानी पड़ी। न केवल धर्मेंद्र के परिवार के सदस्यों ने बल्कि धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने भी सोशल साइट्स पर गोदी मीडिया की धज्जियाँ उड़ाकर रख दीं। धर्मेंद्र की बेटी अभिनेत्री ईशा देओल ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि "मीडिया हद से ज़्यादा सक्रिय है और झूठी ख़बरें फैला रहा है। मेरे पापा स्थिर हैं और रिकवर कर रहे हैं। परिवार को प्राइवेसी दें।

पापा के जल्द ठीक होने की दुआओं के लिए शुक्रिया।" उसके फ़ौरन बाद अभिनेत्री पत्नी व सांसद हेमा मालिनी ने X (ट्विटर) पर ग़ुस्से में लिखा कि "जो हो रहा है वो अक्षम्य है! ज़िम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी ख़बरें कैसे फैला सकते हैं जो इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहा है और रिकवर कर रहा है? ये बेहद असम्मानजनक और ग़ैर -ज़िम्मेदाराना है। परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें।" बाद में अभिनेता पुत्र सनी देओल की टीम की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया कि "मिस्टर धर्मेंद्र स्थिर हैं और ऑब्ज़र्वेशन में हैं। वे अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। झूठी अफ़वाहें न फैलाएं, प्राइवेसी का सम्मान करें और जल्द स्वस्थ होने की दुआ करें।" इस अफ़वाहबाज़ गोदी मीडिया को सबसे अधिक ज़लालत व अपमान का सामना सोशल मीडिया में करना पड़ा। इतना आक्रोश तो उस समय भी देखना नहीं पड़ा था जब पहले भी कई बार यही ग़ैर ज़िम्मेदार और झूठ परोसने वाला मीडिया कभी अमिताभ बच्चन तो कभी राजिनीकांत कभी शाहरुख ख़ान तो कभी फ़रीदा जलाल कभी लता मंगेशकर,राजेश खन्ना,कॅटरीना कैफ़ व आयुष्मान खुराना जैसे कई कलाकारों को उनके जीवित रहते हुये भी 'मारने की ख़बरें चलाता रहा है। इस बार तो धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने व गोदी मीडिया को देश की पत्रकारिता पर कलंक समझने वाले देश के एक प्रबुद्ध वर्ग ने ऐसी पत्रकारिता ऐसे ऐंकरों व ' ऐंकराओं ' की तो धज्जियाँ उड़ाकर रख दीं। सीधे तौर पर धर्मेंद्र की मौत की झूठी ख़बर शोकपूर्ण भाव भंगिमा से पेश करने वाली गोदी मीडिया की उस बदनाम 'ऐंकरा' के चित्र पर ही माला डालकर उसी को श्रद्धांजलि अर्पित कर डाली। लाखों लोगों द्वारा ऐसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना पत्रकारिता की घोर भर्तस्ना की गयी। कई मशहूर यू ट्यूबर पत्रकारों ने धर्मेंद्र की बीमारी के संबंध में तो नहीं परन्तु अफ़वाहबाज़ मीडिया द्वारा फैलाई गयी धर्मेंद्र संबंधी अफ़वाह को लेकर विशेष कार्यक्रम ज़रूर बनाये और ग़ैर ज़िम्मेदार गोदी मीडिया की जम कर धुलाई की।

आश्चर्य है कि पिछले दस वर्षों से घोर अपमान झेल रहा यह पक्षपाती,समाज में दुर्भावना फैलाने वाला,लोगों को झूठी ख़बरों से गुमराह करने वाला,सरकारी विज्ञापनों व पैसों की लालच में अपना ज़मीर बेचने वाला तथा अपनी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकतों से देश व पत्रकारिता को कलंकित करने वाला अनियंत्रित 'गोदी मीडिया ' अभी भी झूठी,बेबुनियाद,उकसाऊ व अफ़वाहपूर्ण ख़बरों को प्रसारित करने से बाज़ नहीं आ रहा। यही वजह है कि धर्मेंद्र के सम्बन्ध में विश्वसनीय नहीं बल्कि 'सबसे तेज़' चैनल बनने के चक्कर में मीडिया स्वयं 'श्रद्धांजलि ' का पात्र बन बैठा।

## सू- दोकू क्र.230

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.229का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य - 230

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 229 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | ट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में आपको सावधानी बरतनी होगी। बिजनेस को लेकर कोई अच्छी डील आपको मिल सकती हैं। किसी जोखिम भरे काम में आपको सावधानी बरतनी होगी। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा न रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है, लेकिन किसी दूर रहने पर परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आप कोई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। संतान को आप कहीं बाहर पढ़ाई के लिए भेज सकते हैं। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकता है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें। जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिताएंगे और आप उनके मन में चल रही कुछ उलझनों को भी दूर करने की कोशिश करेंगे। आप किसी अजनबी से कोई बात गुप्त न रखें, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी और आपका कोई काम यदि पेंडिंग पड़ा हुआ था, उसे भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपके अंदर आज एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप प्रत्येक कामों को आसानी से कर पाएंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। माताजी से किए हुए वादे को आप समय रहते पूरा करें।

सिंह आज आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। धर्म-कर्म के कार्यो में भी आपके काफी रुचि रहेगी और आपको अपनी शौक-मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खर्चा करेंगे। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को सावधान रहना होगा। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

कन्या आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आप नए मकान आदि की खरीदारी की योजना बनाएंगे, जिसके लिए आप कोई लोन आदि अप्लाई कर सकते हैं। वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। आप किसी भी शारीरिक समस्या को छोटा ना समझें। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

तुला आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छी सफलता मिलेगी और पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आप एक बजट प्लान करके चलेंगे, जिससे आप किसी सेविंग को करने में भी सफल रहेंगे। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आप अपने जरूरी कामों को समय से निपटने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको कुछ और खर्चे पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आपको किसी निवेश को बहुत ही सोच समझकर करना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कहीं बाहर जाने से बचना होगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

धनु आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। किसी सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो आप उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। आप अपने माता-पिता से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

मकर आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सजग रहने की आवश्यकता है। कुछ अनचाहे खर्च हो सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। आप अपने बिजनेस में योजनाओं को लेकर कुछ फेरबदल कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

कुंभ आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे और आपको अपनी सेहत को लेकर एतियात बरतनी होगी। किसी से आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपको अपने दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान थे, तो उनकी वह इच्छा पूरी होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपने परिवार के सदस्यों को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। कारोबार में स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप अपने घर परिवार के कामो में कोई बदलाव न करें। पिताजी यदि काम को लेकर कोई सलाह देंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपके सुख-साधनों में भी वृद्धि होगी।

## कृषि

# बीज मसौदा विधेयक 2025- भारतीय कृषि में गुणवत्ता, अधिकार और पारदर्शिता का नया युग

किशन सनमुखदास भावनानी

भारत एक कृषि प्रधान देश है,जहाँ कृषि न केवल आजीविका का साधन है, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन की आधारशिला भी है। इस विशाल कृषि व्यवस्था की आत्मा "बीज" है, क्योंकि बीज ही वह पहला तत्व है जिससे उत्पादन, नवाचार और खाद्य सुरक्षा की पूरी श्रृंखला आरंभ होती है। इसी बीज क्षेत्र में सुधार और पारदर्शिता लाने की दिशा में सरकार ने वर्ष 2025 में बीज मसौदा विधेयक, 2025 का प्रस्ताव तैयार किया है और इस पर 11 दिसंबर, 2025 तक नागरिकों, किसानों, वैज्ञानिकों, बीज उत्पादकों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह मसौदा विधेयक न केवल कृषि सुधारों के अगले चरण का संकेत है, बल्कि यह देश में क्वालिटी सीड गवर्नेंस का एक नया ढांचा भी प्रस्तुत करता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारत ने वर्ष 2025 में बीज मसौदा विधेयक, 2025 का प्रारूप जारी कर एक ऐसा विधायी प्रयास शुरू किया है, जो न केवल देश के कृषि तंत्र को आधुनिकता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों से जोड़ता है, बल्कि बीजों की सुरक्षा, किसानों के अधिकारों और कृषि-व्यवसाय के नैतिक ढाँचे को भी नई दिशा प्रदान करता है। यह विधेयक 1966 के बीज अधिनियम और 1983 के बीज नियंत्रण आदेश का स्थान लेने जा रहा है, जो कि आज की तकनीक- संचालित कृषि आवश्यकताओं के सामने अपर्याप्त हो चुके हैं। बदलते जलवायु-परिस्थितियों, बीजों में जैव-प्रौद्योगिकी के बढ़ते हस्तक्षेप और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने इस नए विधेयक की आवश्यकता को और अधिक सशक्त बनाया है। यह प्रस्ताव इस बात का प्रमाण है कि भारत कृषि क्षेत्र को विश्वस्तरीय बनाने और किसान-हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथियों बात अगर हम आज भारत वैश्विक बीज बाजार में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन चुका है,व अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य इसको समझने की करें तो, देश के बीज निर्यात का मूल्य अरबों डॉलर तक पहुँच चुका है, और निजी क्षेत्र,विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय बीज कंपनियाँ, इस उद्योग में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। बीज मसौदा विधेयक, 2025 व्यापार सुगमता (ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस) के सिद्धांत पर आधारित है।यह बीज पंजीकरण लाइसेंसिंग,परीक्षण और वितरण की प्रक्रियाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की बात करता है। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप्स और स्थानीय बीज उत्पादकों को भी समान अवसर मिलेगा।इसके साथ ही, यह विधेयक अवैध बीज बिक्री, फर्जी ब्रांडिंग और अनधिकृत जेनेटिक वैरायटी जैसे अपराधों के लिए कठोर दंड का प्रावधान भी करता है,जिससे बीज उद्योग में पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास दोनों को बल मिलेगा।अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य-वैश्विक मानकों के अनुरूप भारतीय ढांचा,विश्व स्तर पर बीज व्यापार और नियमन यूपीओवी (इंटरनेशनल यूनियन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ़ न्यू वैरायटीज ऑफ़ प्लांट्स) आईएसटीए ( इंटरनेशनल सीड टेस्टिंग एसोसिएशन) और ओईसीडी (ओईसीडी सीड स्कीमस) जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत चलता है। भारत का नया बीज मसौदा विधेयक इन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नीति ढांचा तैयार करने का प्रयास करता है ताकि भारतीय बीज उद्योग को ग्लोबल ट्रेड नेटवर्क में और गहराई से एकीकृत किया जा सके। इससे भारत न केवल घरेलू आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा, बल्कि अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के उभरते कृषि बाजारों में बीज आपूर्ति का एक स्थिर और विश्वसनीय स्रोत भी बन सकता है।



साथियों बात अगर हम,किसानों के अधिकारों की रक्षा कोसमझने की करें तो,केंद्र में किसान, केवल उपभोक्ता नहीं-भारत की कृषि नीति में लंबे समय तक किसान को केवल "उपभोक्ता" के रूप में देखा गया,जिसे बीज खरीदना होता है। लेकिन बीज मसौदा विधेयक, 2025 इस धारणा को बदलता है। यह किसान को हितधारक के रूप में मान्यता देता है, जिसके अधिकार, ज्ञान और सहभागिता को कानूनी ढांचे में स्थान दिया गया है।विधेयक में यह सुनिश्चित करने की दिशा में प्रावधान हैं कि यदि किसान को किसी बीज से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता है, तो वह बीज आपूर्तिकर्ता या निर्माता के खिलाफ कंपनसेशन क्लेम कर सकता है। यह प्रावधान कंज्यूमर प्रोटेक्शन के सिद्धांत को कृषि क्षेत्र में लागू करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।साथ ही,मसौदा किसानों को पारंपरिक बीज बचाने, पुनः प्रयोग करने और आदान-प्रदान करने के अधिकार से वंचित नहीं करता, यह भारत के विविध कृषि पारिस्थितिकी और स्वदेशी बीज संरक्षण परंपरा की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।बीज गुणवत्ता नियंत्रण,विज्ञान और जवाबदेही का संगम-बीज मसौदा विधेयक 2025 में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी बीज उत्पादक, वितरक और विक्रेता को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाणन एजेंसी से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार में बिकने वाले बीज स्टैंडर्डाइज्ड हों और उनमें फसल की न्यूनतम अंकुरण दर तथा शुद्धता का स्तर निर्धारित सीमा से कम न हो।इस विधेयक के अंतर्गत नेशनल सीड अथॉरिटी तथा स्टेट सीड सर्टिफिकेशन बोर्ड्स की भूमिका को और मजबूत बनाया गया है। वे न केवल बीज परीक्षण, पंजीकरण और प्रमाणन की जिम्मेदारी निभाएंगे, बल्कि बीज उत्पादकों की जवाबदेही तय करने के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र भी तैयार करेंगे।

साथियों बात अगर हम बीज नियमन को आधुनिक बनाने की आवश्यकता को समझने की करें तो,1966 का बीज अधिनियम उस समय बनाया गया था जब भारत खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था और हरित क्रांति की शुरुआत ही हुई थी। उस दौर की कृषि तकनीक न तो आज की तरह उन्नत थी, न ही निजी बीज कंपनियों की व्यापकता इतनी बड़ी थी। लेकिन 2025 में पहुंचते- पहुंचते परिस्थितियाँ बिल्कुल बदल चुकी हैं,देश में 300 से अधिक पंजीकृत बीज कंपनियाँ हैं, जैव-संशोधित किस्मों,हाईब्रिड वैरायटी, ड्रोन- आधारित बीज परीक्षण, और स्मार्ट फसल निगरानी जैसी तकनीकें मुख्यधारा में शामिल हो चुकी हैं। पुराना कानून गुणवत्ता परीक्षण,मानकीकरण,पारदर्शिता किसानों के अधिकारों और विपणन नियंत्रण के आधुनिक मानदंडों को पूरा नहीं कर पा रहा था।इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बीज मसौदा विधेयक, 2025 को तैयार किया है, जो बीज नियमन को समय-सापेक्ष, वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अनुरूप बनाता है। यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ,ओईसीडी सीड्स स्टैंडर्ड्स और एफएओ के वैश्विक कृषि सुरक्षा मानकों से भी सामंजस्य स्थापित करता है।

साथियों बात अगर हम बीज मसौदा विधेयक, 2025 के मुख्य उद्देश्यों व किसानों के लिए विशेष प्रावधानों को समझने की करें तो,इस विधेयक के उद्देश्य बहुआयामी हैं, जिनमें उपभोक्ता सुरक्षा, किसान संरक्षण,वैज्ञानिक गुणवत्ता नियंत्रण,कृषिअनुसंधान को बढ़ावा और कृषि बाज़ार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा शामिल है। प्रमुख उद्देश्यों में,(1)किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना(2)बीज बाजार में नकली, मिलावटी और निम्न-स्तरीय बीजों पर नियंत्रण(3)किसानों के अधिकारों और उनके मुआवज़े की गारंटी(4)बीज उत्पादकों, वितरकों और कंपनियों का अनिवार्य पंजीकरण (5) अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहन(6)बीजों में जैव- सुरक्षा और जैव-विविधता की रक्षा,इन सभी उद्देश्यों का मूल यह है कि भारत की कृषि प्रणाली को भविष्य-उन्मुख और जोखिम-रहित बनाया जा सके, जिससे किसानों की आय और उत्पादन दोनों में स्थिरता आए।किसानों के लिए विशेष प्रावधान - संरक्षण,अधिकार और

मुआवज़ा इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण और प्रगतिशील पहलू किसानों के अधिकारों को मजबूत बनाना है। कृषि क्षेत्र में वर्षों से यह शिकायत थी कि बीज कंपनियों के दावे के मुताबिक उत्पादन नहीं मिलने पर किसानों को कोई मुआवज़ा नहीं मिलता।बीज मसौदा विधेयक 2025 में-(1)यदि बीज की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है,(2)यदि बीज परीक्षण के मानक पूरे नहीं होते,(3)या यदि कंपनी द्वारा विज्ञापित उत्पादन प्राप्त नहीं होता,तो किसान मुआवज़ा पाने का पात्र होगा। इसके लिए जिला स्तर पर बीज मुआवज़ा समिति स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।साथ ही किसानों को अपना बीज बचाने, उपयोग करने, अदल- बदल करने और बेचने का पूरा अधिकार होगा, बशर्ते वे ब्रांडिंग या पैकेजिंग के साथ कारोबार न करें। यह प्रावधान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसानों के अधिकारों की रक्षा करने वाले एफएओ के किसान अधिकार चार्टर और भारत के अपने पीपीवीएफआर एक्ट के अनुरूप है।बीज मसौदा विधेयक 2025 की चुनौतियाँ- हालाँकि विधेयक प्रगतिशील है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में कुछ चुनौतियाँ होंगी,छोटे किसानों में जागरूकता की कमी,ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षण लैब की कमी, पंजीकरण प्रक्रिया का भार छोटे बीज उत्पादकों पर पड़ना, व्यावहारिक रूप से मुआवज़े की प्रक्रिया को सरल बनाना,फिर भी सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृषि विस्तार सेवाओं और राज्य सरकारों के तालमेल से इन चुनौतियों को हल करने का प्रयास कर रही है।

साथियों बात अगर हम बीजों का अनिवार्य पंजीकरण और गुणवत्ता परीक्षण को समझने की करें तो,विधेयक बीज कंपनियों और उत्पादकों के लिए कड़े नियम निर्धारित करता है। अब कोई भी कंपनी बिना पंजीकरण के बीज मार्केट में नहीं बेच सकती।मुख्य नियम इस प्रकार हैं (1) सभी बीजों का अनिवार्य पंजीकरण(2)पंजीकरण से पहले फील्ड परीक्षण, उपज सत्यापन, और गुणवत्ता जांच(3) बीज उत्पादन और वितरण का रिकॉर्ड रखना(4)लैब परीक्षण में पारदर्शिता,यह वैश्विक मानकों की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाता भविष्यवादी विधेयक,बीज मसौदा विधेयक, 2025 भारत को आधुनिक कृषि शासन के एक नए युग में प्रवेश कराता है। यह न केवल किसानों को गुणवत्ता, सुरक्षा और मुआवज़े का अधिकार देता है, बल्कि बीज व्यापार को पारदर्शी बनाकर भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करता है। आधुनिक विज्ञान, डिजिटल निगरानी, जैव-सुरक्षा, अनुसंधान और मजबूत नियमन का यह संतुलित मेल भारतीय कृषि को स्थिरता, उत्पादकता और आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ाता है।इस विधेयक के सफल कार्यान्वयन से भारत न केवल विश्व स्तरीय बीज अर्थव्यवस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि किसानों की आय, उत्पादन और विश्वास— इन तीनों मोर्चों पर ऐतिहासिक मजबूती प्राप्त करेगा।

# उपार्जन केन्द्रों में कांटा-बांट की पूजा के साथ धान खरीदी का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 16 नवम्बर।** पूरे छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले में आज परंपरा अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। जिले के उपार्जन केंद्रों में प्रातः से ही किसानों की आवाजाही शुरू हो गई थी। सेंटरों में स्थापित कांटा-बांट की पूजा कर धान खरीदी प्रक्रिया को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया।





संबलपुर धान उपार्जन केंद्र में महापौररामू रोहरा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों, सहकारिता समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों- भटगांव, सोरम, करहीबाहरा, रूद्री सहित अनेक समितियों में भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की।

प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा हेतु सभी व्यवस्थाएँ पूर्व से ही सुनिश्चित की गई हैं। तौल-प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था तथा किसान पंजीयन से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा कर सुचारू खरीदी के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में धान उपार्जन का यह शुभारंभ किसानों के बीच उत्साह का माहौल लेकर आया है और प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि खरीदी प्रक्रिया निर्बाध एवं पारदर्शी रूप से संचालित होगी।

## जिला प्रशासन ने खरीदी से पहले किया

# 452 कट्टा धान जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 16 नवम्बर।** धान खरीदी के पूर्व जिला प्रशासन अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कार्रवाई कर रहा है। जिसके तहत आज अलग-अलग कार्रवाई के दौरान कुल 452 कट्टा धान जप्त किया गया। जिसमें मंडी सचिव महासमुंद के नेतृत्व में निरीक्षण दल उपनिरीक्षककमल नारायण साहू एवंअखिलेश राठिया द्वारा दो प्रतिष्ठानों से 152 कट्टा धान जप्त किया गया। निरीक्षण के दौरान लाफिंा खुर्द स्थितभारत भूषण साहू के प्रतिष्ठान में 50 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे मौके पर ही जप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम बम्हनी मेंखिलावन यादव के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया, जहाँ से 102 कट्टा धान जप्त किया गया। दोनों ही मामलों में संबंधित प्रकरण तैयार कर आगे की कार्यवाही हेतु रिपोर्ट संबंधित विभाग को प्रेषित की गई है।

इसी तरह राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सरायपाली अंतर्गत केंदुवा सागरपाली मेन रोड पर आकस्मि निरीक्षण के दौरान एक पिकअप वाहन में 60 पैकेट वजन लगभग 24 क्विंटल धान अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया एवं मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा ग्राम बकमा में शेखर ट्रेडर्स से 240 कट्टा अवैध धान जप्त कर मंडी के सुपूर्द किया गया।

जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व कोई भी व्यक्ति या व्यापारी अवैध रूप से धान का भंडारण या परिवहन न करे। नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले की सीमाओं पर निगरानी और सघन जांच अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि समर्थन मूल्य पर खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध परिवहन, भंडारण न हो सके।

## एक नजर

### संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने 20 नवम्बर तक तिथि निर्धारित

**धमतरी, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के ऐसे मूल निवासी जो शासकीय, अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करना चाहते हैं। लेकिन ऑनलाईन पोर्टल में संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने की आवश्यकता हो, उनके लिए 20 नवम्बर 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी संस्था एवं कोर्स परिवर्तन के लिए जानकारी अपने अध्ययनरत संस्था में तत्काल जमा करें। जिला पोर्टल से उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित तिथि तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### अग्निवीर सैन्य भर्ती मार्गदर्शन के लिए जिला प्रशासन का विशेष सेमिनार 17 को

**धमतरी, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आगामी जनवरी में आयोजित होने वाली अग्निवीर सैन्य भर्ती को ध्यान में रखते हुए युवाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की सही, सरल और व्यवहारिक जानकारी देना है, ताकि अधिक से अधिक युवा सैन्य सेवा में सफ्लतापूर्वक प्रवेश ले सकें। सेमिनार 17 नवम्बर 2025, सोमवार को दो स्थानों पर आयोजित होगा– शासकीय पी.जी. कॉलेज, धमतरी में प्रातः 11 बजे, सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय, नगरी में दोपहर 3 बजे। कार्यक्रम के दौरान सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर की विशेषज्ञ टीम युवाओं को अग्निवीर भर्ती के सभी चरणोंकृशारीरिक परीक्षण, मेडिकल जांच, योग्यता मानक, अंक प्रदान प्रणालीकृकी विस्तृत जानकारी देगी। साथ ही फ़िटनेस बनाए रखने, संतुलित आहार, व्यायाम पद्धति तथा परीक्षा तैयारी के प्रभावी तरीकों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागियों की सभी शंकाओं का समाधान मौके पर किया जाएगा। कलेक्टरअबिनाश मिश्रा ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से वन क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों के युवाओं को लाभान्वित करेगी, जिससे उनके भीतर जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 नवम्बर तक

**धमतरी, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन, पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर तय किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और ड्रॉफ्ट प्रपोजल, सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। पीएफ़्रमएस के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय यह ध्यान रखना होगा कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि करना सुनिश्चित की जाए।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर धमतरी में 'जनजातीय गौरव दिवस' समारोह आयोजित

# छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : विधायक चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 16 नवम्बर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय धमतरी के सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायकअजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।







इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायतअरुण सर्वा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोगनेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू सहित जनप्रतिनिधि, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभागविमल साहू, उप संचालक समाज कल्याण विभाग डॉ.मनीषा पाण्डे, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न जनजातीय समाजों के जिला प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथि एवं उपस्थितजन प्रधानमंत्री के संबोधन से वर्चुअली जुड़े। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।

विधायक अजय चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनजातीय उत्थान की दिशा में देश में हुए तीन ऐतिहासिक मील के पत्थरों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों का गठन किया गया, जो जनजातीय पहचान के सम्मान और उनके त्वरित विकास की दिशा में युगांतरकारी कदम था। वाजपेयी जी द्वारा अलग 'जनजातीय कार्य मंत्रालय' का गठन कर जनजातीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत व्यवस्था स्थापित की गई। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित कर पूरे राष्ट्र में जनजातीय नायकों के सम्मान की परंपरा को सशक्त बनाया गया। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने 19 वीं सदी के अंत में अंग्रेजों तथा स्थानीय शोषकों के विरुद्ध ऐतिहासिक 'उलगुलान' आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने कम उम्र में ही आदिवासियों के पारंपरिक 'खुंटकट्टी' भूमि अधिकारों और अत्यधिक लगान के अन्यायपूर्ण प्रावधानों का विरोध किया। बिरसा मुंडा केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के जागरण के प्रतीक समाज सुधारक थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथिचंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबियां सौंपीं। साथ ही जनजातीय समुदाय के प्राकृतिक चिकित्सकों (बैगा, गुनिया) को उनकी सेवाओं एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी जनजातीय संस्कृति, परंपरा और समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय परंपराओं, संस्कृति और नायकों के योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण धमतरी की हृदयगति रुक जाने निधन हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्रवाई वेबसाइट पर की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 16 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनका शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। शिक्षा सत्र 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 के लिए 30 नवंबर 2025 और वर्ष 2024-25 के लिए 31 दिसंबर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि निर्धारित तिथि के बाद विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन के लिए अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

### पटवारियों को प्रबंधक बनाकर सोसायटी प्रबंधकों के हक छीन रही सरकार : चंद्राकर

**महासमुंद, 16 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के



पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के साय सरकार की सुशासन व मोदी की गारंटी के सारे दावे बेमानी साबित हो रही है। विगत 3 नवंबर से सहकारी समिति कर्मचारी संघ व कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। गत वर्ष इन्हीं मांगों को लेकर 2024 में कर्मचारियों ने आंदोलन किया था जिस पर सरकार ने लिखित रूप से आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। जिस पर कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्त किया। लेकिन, 1 वर्ष बाद भी उनकी मांगे पूर्ण नहीं होने पर कर्मचारी पुनः आंदोलन कर रहे हैं, ऐसे में इन कर्मचारियों की मांगों को पूरी करने के बजाए साय सरकार ने धान खरीदी कार्य के लिए पटवारी व ग्रामीण कृषि अधिकारियों को प्रबंधक बना दिया है। चंद्राकर ने कहा कि साय सरकार ने प्रबंधकों को बीच मझधार में छोड़ दिया है। भाजपा की यह पुरानी आदत है, जो अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ता है, भाजपा उन्हें दरकिनार कर देता है। यही कारण है कि सरकार ने कल 12 नवंबर को कलेक्टर के माध्यम से एक आदेश जारी करवाया है, जिसमें जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी जिले के पटवारियों व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को देने का उल्लेख किया है। शासन के इस फ़रमान से यह साफहो रहा है कि महासमुंद जिला सहित प्रदेश के तमाम जिलों के सहकारी कर्मचारी जो आंदोलन पर हैं, उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा और पटवारियों व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंप कर धान खरीदी करेंगे।

# भगवान बिरसा मुंडा स्वाभिमान, साहस व परम्परा के प्रतीक है : यादव

## जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस पर रायगढ़ में मनाया गया संस्कृति का उत्सव

- उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव में दिखी परंपराओं की रंगारंग छटा
- मंत्री यादव ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति और अस्मिता को कभी मत छोड़िए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 16 नवम्बर।** जिले में आज जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 2025 का भव्य और गरिमामयी आयोजन हुआ, जिसमें जनजातीय समाज की परंपराओं, कला, संस्कृति और जीवन मूल्यों की अनूठी झलक पूरे वैभव के साथ देखने को मिली। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के इस पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव रहा, जिसने पूरे आयोजन को सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया।

यह कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट, नगर निगम रायगढ़ परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ सुबह से ही जनजातीय कलाकारों, ग्रामवासियों, समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने उत्सव को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए।

मंत्री यादव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेशों का वाचन किया। इसके पश्चात मुरिया, पंथी, सरहुल, करमा सहित जनजातीय लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरा ऑडिटोरियम को करतल ध्वनि से गूँजा दिया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की लय और जनजातीय परिधानों की आभा ने समूचे वातावरण को उत्सवी रंगों से भर दिया। अपनी प्रेरक उद्बोधन में मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक चेतना, एक विचार और एक क्रांति हैं। वे भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के ऐसे महानायक हैं, जिनका साहस और संघर्ष आदिवासी समाज की अस्मिता का आधार है। उन्होंने अपने नेतृत्व क्षमता और साहस से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी और पूरे जनजातीय समाज को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के सबसे निकट रहने वाला समुदाय है। जंगल की हर आहट को पहचान लेना, ऋतु परिवर्तन को भाँप लेना, प्रकृति के संकेतों को आत्मसात कर लेना-यह कोई साधारण क्षमता नहीं, बल्कि पीढ़ियों से अर्जित वह प्राकृतिक चेतना है जिसे दुनिया आज भी शोध का विषय मानती है। अंडमान-निकोबार के जारुवा समुदाय का सुनामी पूर्व चेतावनी इसका जीवंत उदाहरण है।

मंत्री यादव ने परंपराओं की रक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभ्यताओं का विनाश तब होता है जब उनकी भाषा, संस्कृति और ज्ञान पर प्रहार होते हैं। इसलिए मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ अपनी संस्कृति, अपनी भाषा और अपनी अस्मिता को कभी मत छोड़िए। यही हमें विशिष्ट बनाती है, यही हमारी पहचान है और यही हमारी आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की जीवन शैली, परंपराएँ, सामुदायिकता, प्रकृति के प्रति सम्मान और श्रम संस्कृति आज के समय में दुनिया के सामने आदर्श हैं।

## कैबिनेट मंत्री यादव ने कोड़ातराई में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी योजना का विधिवत शुभारंभ किया

# किसानों को 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य देने वाला छग पहला राज्य:गजेन्द्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 नवम्बर।** किसानों के सम्मान और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने आज धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 का ऐतिहासिक शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव आज रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड स्थित ग्राम कोड़ातराई पहुंचे, जहाँ उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी सीजन का विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री यादव ने इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन का पूजन किया और अन्न माता के प्रतीक के रूप में किसानों द्वारा लाए गए धान का विधि-विधान से पूजन कर शुभकामनाएँ दीं।





कैबिनेट मंत्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के गौरव और भविष्य को सुरक्षित करते हुए धान का समर्थन मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है और यह गौरव छत्तीसगढ़ को किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य देकर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की जरूरतों, समस्याओं और आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसान समृद्ध होंगे तो छत्तीसगढ़ और भारत दोनों विकसित बनेंगे।

मंत्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक किसान आर्थिक रूप से सक्षम, आधुनिक कृषि तकनीक से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। सरकार किसानों को खाद, बीज, ऋण, कृषि उपकरण, प्रशिक्षण और डिजिटल सुविधाएँ सरलता से उपलब्ध करा रही है, ताकि खेती अधिक उत्पादक और लाभकारी हो सके। उन्होंने कहा कि आज अपने गृह क्षेत्र से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय कर रायगढ़ पहुंचना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि वे यहां के मेहनतकश किसानों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति, आवश्यकताओं और उम्मीदों को नजदीक से समझ पा रहे हैं।

### अब किसानों को ऋण पुस्तिका लाने की जरूरत नही

राज्य शासन ने किसानों के लिए एक और बड़ी राहत दी है। अब किसानों को उपार्जन केंद्र में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं है। एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किसान का संपूर्ण डेटा स्वचालित रूप से सत्यापित हो जाएगा, जिससे खरीदी प्रक्रिया और तेज व पारदर्शी बनेगी। इस वर्ष संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन श्रेणी, डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा धारक और ग्राम कोटवार वर्ग को विशेष अनुमति प्रदान की गई है। खरीदी की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी।

रायगढ़ जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया आज से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। जिले के सभी पंजीकृत और पात्र किसान निर्धारित उपार्जन केंद्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान विक्रय कर सकेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है, केंद्रवार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कर दी गई हैं। जिले में कुल 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा जाएगा, जिनमें 15 केंद्रों को संवेदनशील और 4 केंद्रों को अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। अवैध धान की आवाजाही रोकने के लिए 24 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ तीन पालियों में टीमें तैनात रहकर लगातार जांच और निगरानी कर रही हैं।

# महापौर ने बच्चों को स्वर्णप्राशन करवा कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 16 नवम्बर।** बाल दिवस के अवसर पर आयुष विभाग जिला धमतरी द्वारा आज ÷बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण में आयुर्वेद का वरदान÷ थीम पर विशेष स्वर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौररामू रोहरा ने एक बालिका को स्वर्ण प्राशन का सेवन कराकर आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के लगभग 1000 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। मुख्य अतिथिरोहरा ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वर्ण प्राशन एक प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, बुद्धि एवं स्मरण शक्ति में सुधार, पाचन शक्ति के संतुलन तथा मानसिक व शारीरिक विकास में अत्यंत सहायक है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के इन लाभों का एहसास बच्चों को बड़े होने पर अधिक गहराई से होगा और यह समझ में आएगा कि आयुर्वेद कितनी प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति है। कार्यक्रम की सफ्लता पर महापौररामू रोहरा ने आयुष विभाग को बधाई देते हुए आगे भी जिले में ऐसे शिविर आयोजित करने हेतु 1 लाख रुपये की घोषणा की, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक आयुर्वेदिक सेवाओं का लाभ मिल सके।



# बनसाकरा में करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण का भूमिपूजन विधायक शिवरतन ने किया

**सिमगा 16 नवंबर।** ग्राम पंचायत चौरेगा और बनसाकरा में करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भाटापारा शिव रतन शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है और विष्णु के सुशासन में विकास के काम पर कोई भी परेशानी नहीं होगी श्री शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है चुनाव के पूर्व जब भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में था तो सिर्फ एक काम इमानदारी पूर्वक हुआ है वह काम है भ्रष्टाचार और इसका ताजा उदाहरण है भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के 100 करोड़ की संपत्ति को श्र ष्ठ ने अटैच किया है यह भ्रष्टाचार का सिर्फ एक उदाहरण है श्री शर्मा ने कहा कांग्रेस के आधा नेता जेल में है और आधे ड्डुड्डद्य में है लेकिन 2014 से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है आज तक देश के प्रधानमंत्री के ऊपर किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा है 15 साल डॉक्टर रमन सिंह के सरकार में डॉक्टर रमन सिंह जी के ऊपर भी किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा यह होता है सुशासन श्री शर्मा ने कहा विष्णु देव के सुशासन में लगातार हम प्रगति की ओर अग्रसर है चाहे प्रधानमंत्री आवास की बात हो चाहे पेयजल की बात हो चाहे धान खरीदी की बात हो चाहे धान की अंतर की राशि एक साथ देने की बात हो हमने अपने सारे वादे पूर्ण किए और लगातार विकास की ओर हम अग्रसर है श्री शर्मा ने कहा यहां पर बड़ी संख्या में माताएं एवं बहने बैठी है चुनाव के पूर्व हमने सभी माता को ?1000 महीना महतारी बंधन के माध्यम से देने की बात कही थी और आज हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि सरकार ने 21वां किस्त महतारी बंधन का जारी किया है यह विष्णु का सुशासन है खाली घोषणा नहीं है हमने जो वादे अपने घोषणा पत्र में किए हैं उसको अक्षर से पूरा करने की ओर अग्रसर है श्री शर्मा ने कहा दुख तब लगता है जब संघर्ष कोई और करें और जनता सहयोग किसी और को करें मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता ने जो भी कहा उसको पूरा करने का प्रयास किया आज मैं गर्व के साथ बोल सकता हूं कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कोई भी सड़क ऐसा नहीं है जो डामर की नहीं है कोई भी गांव पहुंच भी नहीं है कहीं पर भी बिजली की समस्या नहीं है हर समाज का भवन मेरे द्वारा बनवाया गया है उसके बाद भी आप सब जब चुनाव में किसी और को जनप्रतिनिधि बनाकर भेजते हो तो मन दुखी हो जाता है श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है की 2030 तक संपूर्ण देश में सोलर के माध्यम से बिजली की व्यवस्था हो इसी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार मिलकर बिजली में 108000 का छूट दे रहे हैं आप सब से निवेदन है की सोलर लगाकर आप भी बड़े हुए बिजली के दर से मुक्ति पाए जिससे आम जनता को लाभ मिल सके श्री शर्मा ने कहा आज मैं दोनों गांव में एक-एक किलोमीटर के सीसी रोड के निर्माण का भूमि पूजन कर रहा हूं आपने जो कहा मैं उसको किया आप सब से निवेदन है आप भारतीय जनता पार्टी परिवार के साथ जुड़े निश्चित तौर पर आप सबके साथ और सहयोग से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में फिर से भारतीय जनता पार्टी का विधायक बनेगा आप सब ने मुझे मुख्य अतिथि के रूप में अपने बीच में बुलाया इसके लिए मैं समस्त ग्रामवासी का दिल संभल कर करता हूं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे ने कहा जब हम पांच चुनते हैं सरपंच चुनते हैं जनपद चुनते जिला पंचायत चुनते हैं तो हम विचार करते हैं कि हम किसको अपना जन्म प्रतिनिधि बनाएंगे लेकिन जब हम विधायक चुने के लिए जाते हैं तो क्यों हम इस बात पर विचार नहीं करते हैं जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो सुख में दुख में आपके बीच में हमेशा उपस्थित रहे अपने जिसको अपना जनप्रतिनिधि चुनकर भेजा है आज चुनाव जीतने के बाद वह कितनी बार आपके बीच में आया है लेकिन जब भी गांव वाले ने भारतीय जनता पार्टी के किसी भी जनप्रतिनिधि को अपने बीच में बुलाया है हम सजरूप से उपस्थित हुए हैं श्री पांडे ने कहा नशा जीवन के लिए सबसे खराब चीज है और यह गर्व की बात है कि ग्राम पंचायत चौरंग गांव में महिला कमांडो के द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ एक आंदोलन खेड़ा गया है और आज इस बात की खुशी है कि पूरा गांव नशा मुक्ति के लिए कदम आगे बढ़ा रहा है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है मैं गांव के समस्त नागरिक और सरपंच का दिल से आभार व्यक्त करता हूं श्री पांडे ने कहा भारतीय जनता पार्टी का सुशासन दिख रहा है आज बिहार चुनाव के परिणाम इस बात को साबित करते हैं।

## एक नजर

### ठंड बढ़ने पर नगर निगम ने की शहर के अनेक स्थानों पर अलाव की सुविधा

**राजनांदगांव 16 नवंबर।** नगर निगम द्वारा इस वर्ष भी शीत ऋतु पर नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पुराना बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अत्यधिक ठंड पडने पर निगम द्वारा शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहो पर भी अलाव की व्यवस्था की जायेगी। अलाव जलाने के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ठंड को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीत लहर से बचाने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है, इसी कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर इस वर्ष भी शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पुराना बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने को देखते हुये शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे नया बस स्टैण्ड, आम्बेडकर चौक, ठा.प्यारेलाल चौक, गुरूद्वारा के पास, महावीर चौक, चिखली देशमुख होटल के पास, नंदई चौक के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिये अलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाये रखने के निर्देश दिये है।

### मुख्यमंत्री ने कोनी में नवीन संभागायुक्त कार्यालय का किया लोकार्पण

**रायपुर, 16 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर के कोनी क्षेत्र में नवीन संभागायुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण अरपा नदी के तट पर लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में किया गया है। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त कार्यालय भवन में बेसमेंट सहित भूतल तथा प्रथम तल का निर्माण किया गया है। प्रत्येक तल का निर्माण क्षेत्र 1620 वर्गमीटर है। भूतल में 10 कक्ष और एक विशाल हॉल निर्मित किए गए हैं। इसी प्रकार प्रथम तल में 12 कक्ष, एक हॉल और अलग से प्रसाधन की व्यवस्था की गई है। भवन में संभागायुक्त एवं अपर आयुक्त के कक्ष, न्यायालय कक्ष, बैठक कक्ष तथा उपायुक्त (राजस्व), विकास, लेखा अधिकारी के कार्यालय कक्षों के साथ पृथक स्टाफ रूम भी शामिल हैं। नए भवन में अधिवक्ताओं और पक्षकारों की सुविधाओं का भी समुचित ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल, श्री धर्मजीत सिंह, श्री सुशांत शुक्ला, श्री अटल श्रीवास्तव, श्री दिलीप लहरिया, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, संभागायुक्त श्री सुनील जैन, आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### धान खरीदी कार्य में लापरवाही पर दो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित



**रायपुर, 16 नवंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर कलेक्टर बालोद श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के दो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों नवल किशोर साहू एवं रवि वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नवल किशोर साहू गुरूर विकासखंड के मुख्यालय कुलिया एवं रवि वर्मा गुण्डरदेही विकासखंड के मुख्यालय ओडारसकरी में पदस्थ हैं। दोनों अधिकारियों को 14 नवंबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे एवं शाम 06 बजे धान खरीदी कार्य से संबंधित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, किंतु दोनों अधिकारी प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने उनके व्यवहार को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता मानते हुए निलंबन की कार्यवाही की। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को अतिआवश्यक सेवा घोषित करते हुए एस्मा लागू किया गया है।

# जननायक बिरसा मुंडा की शहादत अविस्मरणीय : रमन सिंह



**राजनांदगांव 16 नवम्बर ।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को वाईसन हॉर्न मुकुट पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं महिलाओं को सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को जनजातीय दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज देश के 700 जिलों में इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश पहुंच रहा है कि हम जननायक बिसरा मुंडा की शहादत को नहीं भुलेंगे और उनकी याद को अक्षुण्य बनाए रखेंगे। अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ झारखंड में बिरसा मुंडा ने विद्रोह किया। उन्होंने झारखंड के युवाओं को संगठित किया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। बिरसा मुण्डा को भगवान की उपाधि दी गई है और लोकगीत, लोककथाओं एवं जनश्रुतियों में उनका वर्णन मिलता है। उनकी अद्भुत शक्ति के कारण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों में उनका व्यापक प्रभाव पड़ा। बिरसा मुण्डा के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ वनवासी युवाओं ने विद्रोह कर युद्ध की घोषणा की। जिसे दबाने के लिए अंग्रेजों ने भीषण नरसंहार किया। बिरसा मुंडा ने देश के लिए अपनी शहादत दी। उनके संघर्षों को हम आज नमन करते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप वनवासी क्षेत्रों का विकास हो रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। प्रदेश में कुपोषण, गरीबी एवं पलायन को रोकने के लिए खाद्यान्न सुरक्षा योजना लाई गई, जिसके माध्यम से वनवासी लाभान्वित हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वनवासियों के लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए पारिश्रमिक कर दिया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 12 हजार करोड़ रूपए की लागत से 18 लाख आवास बनाए गए, जिनमें से 7 लाख आवास वनवासियों को मिला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। हर गांव में पेयजल, बिजली एवं अन्य सुविधाओं का विकास हो रहा है। वनवासी क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या होने पर धरती आबा योजना अंतर्गत ऐसे क्षेत्रों में पेयजल, शिक्षा, राशन, स्वास्थ्य एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किया जा रहा है। हमारा देश, गौरव, अस्मिता, स्वाभिमान, हमारी संस्कृति, मिट्टी से जुड़ा है। संस्कृति एवं संस्कार की रक्षा के लिए वीरों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। इतिहास में ऐसे महानायक जो कही न कही विस्मृत हो गए, ऐसे पूर्वजों को याद करने के लिए आज का यह दिन महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुण्डा के जीवन यात्रा के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री प्रशांत कोड़ापे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य श्री गोपाल सिंह भुआर्य, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी, पार्षद श्री सेवक उईके, समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सचिन बघेल, श्री सुमित उपाध्याय, श्री भावेश बैद, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, जनजातीय समाज के प्रतिनिधि श्री आत्माराम चंद्रवंशी, श्री एमडी ठाकुर, श्री नीलकंठ गढ़े, श्रीमती सुशीला नेताम, श्री एचआर ठाकुर, श्री राहुल नेताम, श्री गेमू लाल कुंजाम, श्री आरएस नायक, श्रीमती पुष्पा उईके, श्री ललित कुमरे, श्री आरपी ठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**डोंगरगढ़ 16 नवंबर।** नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक के द्वारा आम लोगों से गाली गलौच सहित दुर्व्यवहार करना महंगा पड़ा और आम लोगों की शिकायत के बाद तत्काल लाईन अटैच कर दिया गया। मामला डोंगरगढ़ के कालका पारा के कावेरी लॉज के सामने का बताया जा रहा था। नाईट गश्त पेट्रोलिंग में निकले प्रधान आरक्षक का आम लोगों से गाली गलौच व दुर्व्यवहार करने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। राजनांदगांव की दबंग एसपी ने अंकिता शर्मा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए 14 नवंबर 2025 को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही जिसमें प्रथमदृष्टया प्र.आर. 100 राणा प्रसन्ना एवं आर.क्र. 960 गौरव शेण्डे, थाना डोंगरगढ़ आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्र. 64 की कंडिका 11 का उल्लंघन करते पाये गए। जिसको संज्ञान में लेते हुए प्र.आर. 100 राणा प्रसन्ना एवं आर.क्र. 960 गौरव शेण्डे, थाना डोंगरगढ़ को तत्काल प्रभाव से हटाकर रक्षित केन्द्र राजनांदगांव लाईन ड्यूटी की टिकट पकड़ाकर सजा सुना दी गई है। नशे में धुत्त पुलिस कर्मी की हरकत पर इनके विरुद्ध एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा की गई कार्यवाही की आम जनता ने सराहना करते हुए चर्चा की जा रही थी कि गेहूं के साथ घुन भी पिसा गया। जिसका मतलब है कि नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक प्रसन्न राणा गजभिए की इस हरकत पर साथ रहे आरक्षक गौरव शेंडे को महंगा पड़ गया और साथ साथ उन्हें भी लाईन ड्यूटी की टिकट मिल गई। बताया जाता है कि प्रधान आरक्षक प्रसन्न राणा गजभिए पुलिस की वर्दी का रौब जिले के कई थानों में दिखाकर आम लोगों से गाली गलौच व दुर्व्यवहार किया जाता था और शिकायत के बाद पुलिस का नाम बदनाम करने वाले गुंडे किस्म के इस आरक्षक का तबादला कर दिया जाता है जिसको लेकर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे हैं।



### धान खरीदी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में हुआ

**भाटापारा 16 नवंबर।** प्रदेशभर में आज से धान खरीदी की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। सशक्त किसान, समृद्ध प्रदेश की संकल्पना के अनुरूप,



किसानों की मेहनत और उन पर विश्वास का सम्मान करते हुए प्रति क्विंटल ?3100 की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी सुनिश्चित की गई है। किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तरेंगा एवं धुर्राबँधा केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से की गई हैं, ताकि अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समयबद्ध और सुचारू खरीदी व्यवस्था क्षेत्र के कृषकों को राहत प्रदान करेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगी। इस अवसर पर तारेंगा से सतीश सोनी, धनेश साहू (सरपंच प्रतिनिधि), राकेश रात्रे, टोपेश्वर साहू, महादेव साहू, बजरंग साहू, मनोज भोई, आनंद देवांगन, जन्तराम चेलक, विनोद वर्मा, लखन वर्मा, टेकराम टीका, हरिचरण यदु, समिति प्रबंधक शिव यादव तथा धान खरीदी प्रभारी अजय दुबे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम धुर्राबँधा से सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी दिनेश वर्मा जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन वर्मा , पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा , राम प्रसाद निषाद , शिव सोनवानी , धनसा सोनवानी , दुर्गेश घृतलहरे , मनीराम वर्मा , धर्मेंद्र मेरी , कृषि साख समिति के प्रभारी प्रबंधक राम नारायण कन्नौज उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि– कृषक हमारी व्यवस्था की धुरी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान-हितैषी नीतियों के कारण खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, त्वरित और पूरी तरह सुव्यवस्थित रूप में संचालित हो रही है, ताकि हर किसान सम्मानपूर्वक अपनी फसल बेच सके।

### जिले में अवैध धान के परिवहन करने वाले कोचियों पर कड़ी कार्रवाई की

**राजनांदगांव 16 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन करने वाले कोचियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी अधिनियम 1972 के तहत 5 प्रकरणों में 626.8 क्विंटल धान जप्त किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र महराजपुर में भुनेश्वर साहू द्वारा 50 बोरा में लाए 20 क्विंटल धान, धान उपार्जन केन्द्र सुरगी में सुखरित दास साहू द्वारा 80 बोरा में लाए 32 क्विंटल धान एवं धान उपार्जन केन्द्र पटेवा में ढालसिंग साहू द्वारा 58 बोरा में लाए 23.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र बोरतलाव में माया राईस मिल खमारी महाराष्ट्र के 660 बोरा में लाए 303 क्विंटल धान एवं वाहन तथा आयुष एग्रो गोंदिया महाराष्ट्र के 542 बोरा में लाए 248.6 क्विंटल धान एवं वाहन को जप्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में किया राजा रघुराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**रायपुर, 16 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर प्रवास के दौरान शहर के मध्य स्थित रघुराज स्टेडियम में दानदाता गोंड राजा रघुराज सिंह जगत की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। पंडरिया जमींदारी के राजा रघुराज सिंह जगत द्वारा शहर के बीचोबीच दान की गई लगभग 5 एकड़ भूमि पर इस ऐतिहासिक स्टेडियम का निर्माण किया गया है। क्रिकेट सहित कई इनडोर खेल प्रतियोगिताएं इसमें आयोजित होती हैं। मालूम हो कि अविभाजित बिलासपुर जिले की पश्चिम सीमा में पंडरिया जमींदारी शामिल थी। वर्ष 1958 में यहां के राजा रघुराज सिंह जगत ने बिलासपुर शहर के बीचोबीच स्थित अपनी बेशकीमती जमीन खेलों के विकास के लिए दान कर दी थी। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा दान में दी गई भूमि पर स्टेडियम बना है। फिजिकल कल्चरल सोसाइटी फिलहाल इसकी देखरेख करती है। राजा रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम कई रणजी मैचों का गवाह रह चुका है । स्टेडियम में 1978, 1979 और 1981 में विदर्भ क्रिकेट टीम के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन रणजी मैचों की मेजबानी भी कर चुका है। इसके अलावा यहां कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्टेडियम में खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल, श्री धर्मजीत सिंह,श्री सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# किसान नंदकिशोर ने पहले दिन ही धान विक्रय होने पर जाहिर की खुशी



**राजनांदगांव 16 नवम्बर।** राज्य शासन द्वारा किसानों से खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भोडिया के किसान श्री नंदकिशोर धान उपार्जन केन्द्र सिंघोला धान बिक्री करने पहुंचे थे। किसान श्री नंदकिशोर ने राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत की जा रही धान खरीदी की सराहना की। किसान श्री नंदकिशोर ने बताया कि वे धान विक्रय करने धान खरीदी केन्द्र सिंघोला आए हैं। उनके पास 85 डिसमिल खेती जमीन है। उन्होंने बताया कि 13 नवम्बर को ऑनलाईन के माध्यम से 17 क्विंटल से अधिक धान विक्रय के लिए टोकन कटवाया था। किसान श्री नंदकिशोर ने पहले दिन ही धान विक्रय पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि शासन की अच्छी व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप्प और धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन उपलब्ध होने से शीघ्रता एवं आसानी से धान विक्रय हो पाया, इसके साथ-साथ धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से हुई है। यहां किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं छांव, पेयजल जैसी सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी केन्द्र में धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है।

किसान श्री नंदकिशोर ने राज्य शासन की ऑनलाईन टोकन एवं खाते में सीधे भुगतान जैसी व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक है। इससे किसानों के श्रम और समय की बचत हो रही है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों के वास्तविक उपज को खरीदने के लिए धान उपार्जन केन्द्र में अच्छी व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने किसानों के वास्तविक जरूरतों और उनके मेहनत का सम्मान करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए में प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी सराहनीय है।

### सरकार नहीं चाहती किसानों का पूरा धान खरीदना: इंद्र साव

**भाटापारा 16 नवंबर।** प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीति आज खुल कर सामने आ गई जब क्षेत्र के किसान अपनी उपज लेकर संबंधित सोसायटी पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला,,किसानों को बैरंग लौटना पड़ा,क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने शनिवार को धान खरीदी केंद्रों का पहले ही दिन निरीक्षण करने के पश्चात उपरोक्त जानकारी दी। विधायक इंद्र साव ने कहा कि प्रदेश सरकार एक तो 15 दिन विलंब से धान खरीदी की घोषणा करी और जब वो तारीख आ गई तो उनके क्षेत्र के अनेकों किसानों को अपनी उपज बेचने जाने पर संबंधित सोसायटी में खरीदी करने वाला कोई नहीं मिला।किसानों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। साव ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार कभी नहीं चाहती किसानों का पूरा धान खरीदे।15 तारीख से धान खरीदने का ढोंग रचकर सरकार किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है,किसान अपने खेत में जितनी उपज उगाता है उसमें से सिर्फ21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने का फरमान छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा है।इस बार धान खरीदी की प्रक्रिया।किसानों के लिए पूरी तरह लेंदी साबित हो रही है।टोकन के नाम पर किसान अपनी फसल को बेच पाने में असमर्थ नजर आ रहा है।किसान पूरी मेहनत और लगन के साथ अपनी फसल उगा कर सुरक्षित रखता है किंतु सरकार के तुगलकी फरमान के चलते उन्हें अनावश्यक बिचौलिए के हाथों अपनी शेष बची फसल को बेचने मजबूर होना पड़ता है,जिससे किसानों का समय और पैसा का अतिरिक्त दुबारा नुकसान उठाना पड़ता है।विधायक साव ने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि धान खरीदी की सभी तैयारियाँ पूर्ण होने का सरकारी दावा भी पूरी तरह फैल हो गया ,उन्होंने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण के।दौरान देखा कि किसानों के बैठने के लिए ना तो कोई व्यवस्था बनाई गई और ना ही उनके पीने किए पानी का समुचित प्रबंध किया गया है। सरकारी दावा उनके क्षेत्र में सिर्फविफल रहा ।विधायक श्री साव ने कहा कि वे लगातार अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का नियमित अंतराल में निरीक्षण करेंगे और अपने किसानों के संपर्क में रहकर उनकी फसल बिक्री,तौल और उसके भुगतान की स्थिति का जायजा लेते रहेंगे।



### वंदे मातरम उद्यान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की पट्टिका लगाई गई

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान हमारा सौभाग्य:सीएम साय

**रायपुर, 16 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जिस अदम्य साहस और देशभक्ति के साथ अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष किया, उनका त्याग और बलिदान हमारे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। वे हमारे राष्ट्रगौरव हैं। उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखना और उनके परिजनों का सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों से मुलाकात की और उन्हें शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल, महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




बिलासपुर शहर के शिव टाकीज चौक से पुराने बस स्टैंड चौक तक विस्तारित वंदे मातरम् उद्यान में नगर के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की पट्टिकाएँ स्थापित की गई हैं। नागरिकों के लिए उद्यान में टहलने एवं घूमने की सुविधा के साथ फाउंटेन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण की व्यवस्था भी की गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वंदे मातरम् उद्यान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की नाम पट्टिका के माध्यम से उनकी स्मृतियों को संजोने का प्रयास किया गया है। यह केवल एक पट्टिका नहीं, बल्कि हमारे इतिहास का वह सजीव दस्तावेज है जिसे देखकर हर नागरिक गर्व महसूस करेगा। यह पहल युवाओं और आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर यह विशेष आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य योगदान को स्मरण कर रहे हैं, जिनके बलिदानों से हमें आजादी मिली है। बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने कहा कि स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित यह देश का पहला उद्यान है, जो स्थानीय वीरों को सम्मान देने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा निर्मित वंदे मातरम् उद्यान का नाम वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रखा गया है। उद्यान में कुल 25 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की नाम पट्टिकाएँ लगाई गई हैं, जिनमें स्व. ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर, श्री रामगोपाल तिवारी, श्री चित्रकांत जायसवाल, डॉ. वासुदेव देवरस, श्री कालीचरण तिवारी, श्री मथुरा प्रसाद दुबे, श्री विश्वनाथधर दिवान, श्री राजकिशोर शर्मा, श्री प्रह्लाद पीपलवा, डॉ. शिवदुलारे मिश्रा, श्री श्यामानंद वर्मा, श्री मुरलीधर मिश्रा, श्री रामकृष्ण पाण्डेय, श्री ई. राघवेंद्र राव बैरिस्टर, श्री हरनारायण वाजपेयी, श्री राम चरण श्रीवास, श्री चिंतामणि ओत्तलवार, श्री भ्रमर गुप्ता, श्री यदुनंदन/मनोहर सिंह, डॉ. भगवान दास ताहिलयानी, डॉ. दयाराम कलवानी, डॉ. मुरलीधर जैसवानी, क्रांति कुमार भारती, श्री राम चरण साहू, बाल सेनानी श्री गंगा प्रसाद वाजपेयी के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक श्री धर्मलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह, नगर निगम सभापति श्री विनोद सोनी, श्री मोहित जायसवाल, श्री राजा पांडे, पूर्व विधायक श्री चंद्रप्रकाश बाजपेयी, ई. रमेंद्र राव, श्री मुरली खंडेलवाल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, सामाजिक संगठन तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

